




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



**सुनालिया ज्वेलर्स**

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 104 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 13 जनवरी 2024 डाक 14 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

प्रधानमंत्री ने आज नासिक, महाराष्ट्र में श्री काला राम मंदिर में पूजा की





**देश-विदेश**

एक लाख शिक्षक अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र, सीएम नीतीश कुमार के हाथों होंगे सम्मानित





**फीचर पेज**

ठंड में ज्यादा पानी पीना बिगाड़ सकता है सेहत कितना और किस तरीके से पिएं पानी




## राष्ट्रपति को मिला राम मंदिर का न्योता तो उद्धव ठाकरे ने कालाराम मंदिर में आरती का भेजा निमंत्रण

### 22 जनवरी को कहां जाएंगी द्रौपदी मुर्मु .....



**मुंबई, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को एक पत्र लिखा है। ठाकरे ने पत्र में 22 जनवरी को नासिक के कालाराम मंदिर में आरती में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति को आमंत्रित किया है। उद्धव ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूरे देश के लिए अहम है, इसलिए इसके लिए हम कालाराम मंदिर में आरती कर रहे हैं।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने ये निमंत्रण ऐसे समय में भेजा है, जब राष्ट्रपति को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का न्योता मिला है। अब देखना ये होगा कि राष्ट्रपति कहां जाती हैं। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण मेरे पिता का भी सपना था। उन्होंने कहा कि आज मंदिर का निर्माण हो रहा है यह खुशी का क्षण है, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के लिए शंकराचार्य से विचार-विमर्श करना चाहिए था। उद्धव ने इसी के साथ कहा कि 22 जनवरी को वो बाद में गोदावरी नदी के तट पर आरती करेंगे।

## पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं से मारपीट, बीजेपी नेताओं ने की मुलाकात, बोले- बंगाल में हिंदू नहीं हैं सुरक्षित

**कोलकाता, 13 जनवरी [एजेंसी]।**



पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में भीड़ द्वारा साधुओं पर हमले का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। आज भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने उन साधुओं से मुलाकात की है। भाजपा नेता ने साधुओं से मिलकर उनका सम्मान किया है। मकर संक्रांति पर स्नान के लिए गंगासागर जा रहे उत्तर प्रदेश के तीन साधुओं को बंगाल के पुरुलिया जिले में भीड़ द्वारा पीटा गया था। पुलिस ने तीनों साधुओं को भीड़ से छुड़ाकर जान बचाई। पुलिस के अनुसार घटना गुरुवार देर शाम की है। तीनों साधु एक वाहन किराए पर लेकर गंगासागर जा रहे थे, इस दौरान वह पुरुलिया में रास्ता भटक गए। जिसके बाद उन्होंने तीन स्थानीय लड़कियों से रास्ते के बारे में पूछा, जिसपर तीनों चिल्लाते हुए भाग गईं।

स्थानीय लोगों को लगा कि उन्होंने लड़कियों को परेशान किया होगा, इसी शक में भीड़ ने तीनों साधुओं की जमकर पिटाई कर दी। घटना के सिलसिले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इंटरनेट मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें तीनों साधु हाथ जोड़कर भीड़ से जान बख्शने की गुहार लगा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को ममता बनर्जी सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति का वातावरण खड़ा कर दिया गया है। यहां एक कार्यक्रम के सिलसिले में पहुंचे ठाकुर ने सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास हुआ था तो उस दिन बंगाल में कर्फ्यू लगा दिया गया था, ताकि हिंदू जश्न न मना सकें। उन्होंने गंगासागर मेले में जा रहे यूपी के तीन साधुओं की बंगाल के पुरुलिया जिले में हुई पिटाई का उल्लेख करते हुए कहा कि अब हिंदू साधुओं की पिटाई व उनकी हत्या तक की कोशिश की गई और राज्य सरकार मूकदर्शक बनी रही। जब मीडिया में यह घटना सामने आई तब जाकर पुलिस ने थोड़ी कारवाई की है।पुरुलिया जिले में मारपीट का वीडियो सामने आने पर शिवराज सिंह चौहान ने भी ममता पर हमला बोला है। शिवराज ने कहा कि इस तरह की घटना अत्यंत निंदनीय और असहनीय है। मामले में सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की संलिप्तता के कयास भी लगाए जा रहे हैं। शिवराज ने कहा कि बंगाल में अराजकता और आतंक अपने चरम पर है।

## अमेरिका ने यमन की राजधानी सना में फिर बरसाए बम, हूती विद्रोहियों की चेतावनी- इसकी सजा मिलेगी



**वाशिंगटन, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

अमेरिकी सेना ने शनिवार की सुबह एक बार फिर से यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की। इससे पहले अमेरिका ने शुक्रवार को भी ब्रिटेन की सेना के साथ मिलकर यमन में कई जगहों पर हूती विद्रोहियों के खिलाफ भीषण हवाई हमले किए थे। शनिवार को हुआ हमला राजधानी सना में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया। अमेरिका और ब्रिटेन के संयुक्त हमले में 28 स्थानों पर हूती विद्रोहियों के 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए गए थे। साथ ही अमेरिका ने अपने व्यापारिक जहाजों को कुछ दिनों तक लाल सागर से दूर रहने की सलाह दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हूतियों पर हवाई हमले की पुष्टि करते हुए ही कहा था कि अगर हूती विद्रोहियों ने व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद नहीं किया तो उन पर फिर से निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिका के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है, जो पहले से ही इस्राइल हमास युद्ध की वजह से तनाव से जूझ रहा है।

## सीएम केजरीवाल को ईडी का चौथा समन, शराब घोटाले में पूछताछ के लिए 18 जनवरी को बुलाया

**नईदिल्ली, 13 जनवरी [एजेंसी]।**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक और समन भेजा है। ईडी की ओर से यह चौथा समन जारी किया गया है। एएनआई के अनुसार, ईडी ने केजरीवाल को शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया है। केजरीवाल को 18 जनवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। केजरीवाल तीन समन जारी होने के बाद भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। इससे पहले ईडी ने दो नवंबर, 21 दिसंबर और तीन जनवरी को समन जारी कर केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन केजरीवाल पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे।

अब देखना यह है कि चौथा समन जारी होने के बाद केजरीवाल पेश होते हैं या नहीं। इससे पहले, तीसरे समन के बाद आम आदमी पार्टी की ओर से प्रतिक्रिया दी गई थी कि वह ईडी का सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन ईडी का यह समन राजनीति से जुड़ा है। हालांकि अभी तक आप की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले ईडी के समन पर आप के नेताओं ने दावा किया था कि यह सब केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश है। उन्हें पूछताछ के बहाने गिरफ्तार किया जाएगा। आप ने यह भी कहा कि अगर ईडी को पूछताछ करनी है तो वह अपने सवाल लिखकर भी भेज सकती है।

इससे पहले चार जनवरी को आप के कुछ नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें खबर मिली है कि ईडी केजरीवाल के आवास पर छापा मारकर केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने एक्स पर पोस्ट कर दावा किया था कि आज (चार जनवरी) को ईडी केजरीवाल के आवास पर छापा मारेगी और उन्हें गिरफ्तार कर सकती है।

## एक लाख का इनामी नक्सल कमांडर ढेर, घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद



**बीजापुर, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

बीजापुर जिले के गंगालूर थानान्तर्गत पुसनार के जंगल में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी नक्सली जनमिलिशिया कमांडर तोया पोटाम उर्फ सोमलू को ढेर कर दिया गया है। सुरक्षा बल का दावा है कि तीन से चार अन्य नक्सली भी गोली लगने से घायल हुए हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार, वस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। मारे गए नक्सली सोमलू पर हत्या, अपहरण सहित कई आपराधिक प्रकरण दर्ज थे। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोड़ियम व अन्य 20-25 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर व केरिपु 85 की संयुक्त टीम नक्सलरोधी अभियान पर निकली थी। उसी समय मुठभेड़ हुई जिसमें इनामी नक्सली मारा गया। शुक्रवार की दोपहर को मारे गए नक्सली का शव लेकर सुरक्षा बल सुरक्षित लौट आया है। शनिवार को नक्सली के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## समुद्री लुटेरों के मंसूबे होंगे नाकाम, भारत के 10 युद्धपोत मुस्तैद, पनडुब्बी और विध्वंसक भी तैयार



**नईदिल्ली, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

भारत ने अपनी ताकत दिखाने, समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों जैसी घटनाओं पर लगाम कसने के लिए उत्तर और मध्य अरब से अदन की खाड़ी तक फैले समुद्री क्षेत्र में अपने कम से कम 10 अग्रणी युद्धपोत तैनात कर रखे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि समुद्री डाकुओं की हरकतों पर लगातार नजर रखी जा रही है। नौसेना अधिकारियों ने बताया कि अरब सागर और अदन की खाड़ी में छह से 10 दिन प्रमुख स्वदेशी युद्धपोतों को तैनात किया गया है जिसमें विध्वंसक, पनडुब्बी और समुद्री गश्त में इस्तेमाल होने वाले पोत शामिल हैं। इसका उद्देश्य मुख्यतः समुद्री डकैती पर रोक लगाने के उद्देश्य से सोमालिया के तटों पर नजर रखना और वाणिज्यिक पोतों पर होने वाले ड्रोन हमले रोकना है। अधिकारियों के मुताबिक, भारतीय युद्धपोत समुद्र में किसी भी घटना को रोकने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं। बुधवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा था कि भारतीय नौसेना समुद्री डकैती पर लगाम कसने के लिए सक्रिय तौर पर अपना बेड़ा तैनात कर रही है। वह हैदराबाद में स्वदेश निर्मित 10 स्टारलाइनर मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) दृष्टि का अनावरण करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

## अमित शाह और जेपी नड्डा ने देशवासियों को दी लोहड़ी की शुभकामनाएं



**नईदिल्ली, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने देशवासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, सौभाग्य, समृद्धि और नई ऊर्जा की कामना की है। शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, सभी को लोहड़ी की शुभकामनाएं।

उमंग और हर्षोल्लास का यह पर्व सभी देशवासियों के जीवन में सुख-शांति और नई ऊर्जा का संचार करे। नड्डा ने एक्स पर लिखा, समस्त देशवासियों को हर्ष व उल्लास का प्रतीक पर्व लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख-सौभाग्य व समृद्धि लेकर आए।

## राइस मिल व थोक दुकानों में देर रात प्रशासन की दबिश, 57 लाख का धान जब्त



**सूरजपुर, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

सूरजपुर जिले में धान की अवैध खरीद फरोख्त करने वाले राइस मिलरों समेत थोक अनाज विक्रेताओं पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कल देर रात कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर छापामार कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान चार राइस मिलों समेत तीन थोक अनाज विक्रेताओं से लगभग 57 लाख का 2591 क्विंटल धान जब्त किया गया। मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की गई है। प्रशासन की कार्रवाई आज भी जारी रहेगी।

सूरजपुर जिले में धान की अवैध खरीदी की सूचना सामने आ रही थी। जिले के सरहदी क्षेत्र से चोरी छिपे धान की आवक हो रही थी। इसके अलावा कोचिया भी इस कारोबार में संलग्न थे। नवपदस्थ कलेक्टर रोहित व्यास ने धान की अवैध खरीदी पर नकेल कसने शुक्रवार रात कई टीम बनाकर कार्रवाई शुरू की। सूरजपुर जिले के अलग अलग स्थानों में संचालित राइस मिल एवं थोक व्यापारी के गोदाम में टीम ने दबिश देकर भारी मात्रा में धान जब्त किया। किसी तरह का कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर मंडी अधिनियम के तहत धान जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई देर रात तक चलती रही इस दौरान अमन फ्लोर मिल पर्री से 453 क्विंटल, सक्षम फ़ूड 428 क्विंटल, गोयल इंडस्ट्रीज 378 क्विंटल, महामाया राइस इंडस्ट्रीज 442 क्विंटल, मित्तल राइस 375 क्विंटल, रामादुग्रह उपाध्याय 312 क्विंटल एवं डागा ट्रेडर्स से 203 क्विंटल धान जब्त किया गया। धान की कुल जब्ती 2591 क्विंटल की गई है। इसका बाजार मूल्य 56 लाख 56 हजार 153 रुपये है। कलेक्टर व्यास के अनुसार आज भी यह कार्रवाई चलेगी।

### 29 लाख रुपए का धान पार.. जल्द होगी गिरफ्तारी

**मनेंद्रगढ़।** जिले से धान खरीदी अभियान के दौरान एक बड़ी खबर सामने आ रही है । यहां के कोटाडोल समिति के रापा उपार्जन केंद्र में 2387 बोरा (952) क्विंटल समर्थन मूल्य पर 29 लाख 51 हजार रुपए का धान गायब हो गया है। मामले की सूचना मिलते ही तहसीलदार एम एस राठिया के नेतृत्व में राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम जांच में जुट गई है। प्रकरण में दोषी अधिकारी कर्मचारी नपेंगे उनके विरुद्ध वैद्यानिक कार्रवाई भी की जा सकती है। प्रशासन की कार्रवाई से पूरे जिले की समितियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## ऑइल बनाने रखे टायरों में लगी आग मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम

**धमतरी 13 जनवरी।** जिले के टायर गोदाम में भीषण आग लगी है। आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, रुद्री थाना अंतर्गत कासावही के टायर गोदाम में सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखे पुराने टायर जलाकर खाक हो गए हैं. घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पहुंची और आग पर काबू पाने के कोशिश में जुटी हुई है. आग लगने का कारण अज्ञात है। बताया जा रहा है कि ऑइल बनाने के लिए भारी मात्रा में गोदाम में टायर रखा गया था।

## तेलंगाना में भीषण हादसा, बस में आग लगने से जिंदा जली महिला, खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर कूदे यात्री

**हैदराबाद, 13 जनवरी [एजेंसी]।**



तेलंगाना के जोगुलम्बा गडवाल जिले में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। यहां एक निजी बस में आग लगने से एक महिला जिंदा जल गई और चार अन्य यात्री घायल हो गए। यह घटना हैदराबाद-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर एर्राविल्ली चौराहे के पास देर रात करीब 2.30 बजे हुई। हैदराबाद से चित्तूर जा रही एक निजी ट्रैवल कंपनी की वोल्वो बस पलट गई और उसमें आग लग गई। बस में 40-50 यात्री सवार थे। जब बस में आग लगी तो लगभग सभी यात्री खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर कूद गए। वहीं, एक महिला आग की लपटों में फंस गई और जलकर मर गई। हादसे में चार यात्री भी घायल हो गए। उनमें से तीन को गडवाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि चौथे को हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया है। सूचना मिलने पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पुलिस को संदेह है कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय नींद आ गई जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।







**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## इंडिगो की मुंबई-गुवाहाटी फ्लाइट घने कोहरे में फंसी बांग्लादेश के ढाका में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग



**गुवाहाटी, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

इंडिगो की मुंबई से गुवाहाटी जा रही एक फ्लाइट को शनिवार को घने कोहरे के चलते बांग्लादेश के ढाका की ओर डायवर्ट किया गया। बताया गया है कि गुवाहाटी एयरपोर्ट के आसपास कोहरा इतना घना था कि पायलट को आसपास लैंडिंग के लिए पट्टी भी नहीं दिखी। ऐसे में इंडिगो के विमान को ढाका में लैंड कराया गया। एक्स पर एक पोस्ट में मुंबई यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रमुख सूरज सिंह ठाकुर ने इस घटना को लेकर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, मैंने इंडिगो की मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली फ्लाइट 6ई 5319 में सफर किया।

लेकिन घने कोहरे की वजह से फ्लाइट गुवाहाटी में लैंड नहीं कर सकी, बल्कि इसे ढाका डायवर्ट किया गया। ठाकुर ने कहा कि फिलहाल फ्लाइट के सभी पैसेंजर बिना पासपोर्ट के अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार हैं।

उन्होंने बताया कि यात्रियों को फ्लाइट के अंदर ही बिठाया गया है। मैं नौ घंटे से विमान में ही हूं। मैं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए मणिपुर के इंफाल जाने वाला था। अब देखते हैं कि कब गुवाहाटी पहुंचते हैं और फिर वहां से इंफाल की फ्लाइट मिलती है।

# विकसित भारत बनाने के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाना हैः संजय कुमार

## भारत सरकार के संयुक्त सचिव और कलेक्टर ने जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की






**कोरबा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज कोरबा विकासखण्ड के ग्राम कुरूडीह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिविर की गतिविधियां देखीं और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री संजय कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को 2047 तक विकसित बनाना है। यह काम केंद्र सरकार और राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन के सहयोग से संभव है। शिविर के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। इसलिए आप सभी योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को हर नागरिक तक पहुंचाना है और अपनी सोच तथा विश्वास को सकारात्मक रखते हुए जीवन शैली का बेहतर बनाने के साथ विकास की राह में आगे बढ़ना है। इस दौरान कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, सरपंच श्रीमती सावित्री मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्राम कुरूडीह में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मोदी की गारंटी अंतर्गत प्रचार रथ एवं विभागीय स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। शिविर में संयुक्त सचिव श्री कुमार ने यह भी कहा कि हमारी कोशिश है कि यात्रा के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा अन्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही इसका लाभ उठाने कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद परिवार अधिकारियों से संपर्क करके भी योजनाओं का लाभ पा सकते हैं। इसके साथ ही वे अपने आसपास जरूरतमंद परिवारों को योजनाओं की जानकारी प्रदान कर सकते हैं।

**योजनाएं आपके लिए बनी हैं, लाभ उठाइए - कलेक्टर**

शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि किसी भी योजना का लाभ उठाने से पहले योजनाओं के बारे में जानना भी जरूरी है। यह योजनाएं आपके लिए बनी है, आप जागरूक बनिए और योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करिए। उन्होंने कहा कि शिविर में भारत सरकार एवं राज्य सरकार योजनाओं की जानकारी अधिकारियों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। शिविर का उद्देश्य योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को लाभान्वित करना है। इसके अलावा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अन्य जरूरतमंद परिवारों को योजना से जोड़ना भी कार्यक्रम का उद्देश्य है। कलेक्टर ने शिविर में आने वाले ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को देते हुए योजनावार पंजीयन के भी निर्देश दिए।

**आयुष्मान, केसीसी पाकर ग्रामीण हुए खुश -**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से एक ओर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी मिल रही है, वहीं दूसरी ओर उन्हें मौके पर अनेक योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। इसी कड़ी में आज कुरूडीह ग्राम में आयोजित शिविर में ग्रामीण किसान श्री अरूण कुमार और रामेश्वर प्रसाद को मौके पर किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया गया। श्रीमती केरा बाई कंवर और गुरूवारिन बाई कंवर को आयुष्मान कार्ड, श्री लालाराम राठिया को मृदा परीक्षण कार्ड तथा डिजिटल लैण्ड रिकॉर्ड योजना में उत्कृष्ट कार्य करने पर पटवारी श्रीमती सुषमा सिंह को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। शिविर में किसान लखेश्वर कश्यप ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से फसल बीमा से उसे लाभ मिलने और इस योजना से किसानों को किसी प्रकार की चिंता नहीं होने तथा खेती किसानी में आसानी होने से खुशहाली होने की बात कही। स्वसहायता समूह की सचिव श्रीमती मेदनी बाई कंवर ने आजीविका के लिए सरकार से सहायता मिलने की जानकारी देते हुए बताया कि उनके समूह को 04 लाख रूपए का ऋण प्राप्त हुआ था, जिसमें से 01 लाख रूपए से राइस मिल और आटा चक्की स्थापित कर 10 से 15 हजार रूपए की आमदनी अर्जित कर रहीं है। इससे वह आत्मनिर्भरता की राह में आगे बढ़ रही है। शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां भी प्रदान की गई।

**संयुक्त सचिव ने किया स्टॉल का अवलोकन-**

भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री संजय कुमार और कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत लगाए गए शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में महिला तथा बच्चे को सुपोषण किट भी प्रदान किया। शिविर में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सुआ नृत्य सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले राखड़ लोड वाहनों पर हुई कार्यवाही



**कोरबा ।** राखड़ परिवहन के संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा नियमानुसार कार्यवाही के कड़े निर्देश के पश्चात जिले में जाँच और कार्यवाही के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे, एसडीएम कटघोरा श्रीमती रिचा सिंह द्वारा गोपालपुर जेंजरा-कटघोरा मार्ग में पर्यावरण को ताक पर रख कर राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों की आज सघन जांच की गई। बिना तिरपाल, बिना रिफलेक्टर, अवैध डंपिंग, बिना फिटनेस के संचालित राखड़ लोड वाहनों पर चलानी कार्यवाही की गई। मौके पर ही वाहनों में सुव्यवस्थित तरीके से तिरपाल लगवाई गई तथा सड़क किनारे, खुले जमीन पर राखड डंप न करने की समझाइश दी गई। टीम द्वारा रात्रि में सड़क किनारे अवैध डंपिंग कर पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले ऐसे वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी जा रही है जो नियमों को ताक पर रख कर राखड़ डंप कर रहे हैं। आर.टी.ओ. उड़नदस्ता टीम द्वारा विभिन्न मार्गो पर 12 ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही से 43000/- रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। अभी यह संयुक्त कार्यवाही आगे दिनों में भी जारी रहेगा।

## आज से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह जिले के प्रवास पर

**कोरबा ।** भारत सरकार के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह 13 जनवरी से 15 जनवरी तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। श्री सिंह का 13 जनवरी को कोरबा आगमन होगा। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह 13 जनवरी को शाम 6 बजे से एनटीपीसी गेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेंगे। वे 14 जनवरी को प्रात: 10 बजे मंदिर में स्वच्छता अभियान में, प्रात: 11 बजे ग्राम ढोंगदरहा विकासखंड कोरबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भाग लेंगे। दोपहर 2.15 बजे विकासखंड कटघोरा अंतर्गत ग्राम रंजना में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल होंगे। 15 जनवरी को केंद्रीय मंत्री श्री सिंह एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में प्रधानमंत्री जनमन योजना कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1.30 बजे वे कार द्वारा कोरबा से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## युवा दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा ।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।अपर आयुक्त नगर निगम खजान्ची कुम्हार और प्राचार्य लाईवलीहुड कॉलेज अरूणेन्द्र मिश्रा सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के युवाओं के नाम विकसित भारत 2047 युवा के लिए युवा के द्वारा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने प्रेरित किया गया।

# कार्यों का सत्यापन और पूर्णता के पश्चात् ही ठेकेदारों को करें भुगतान-कलेक्टर




**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पानी हर किसी की आवश्यकताओं में से एक है।

इसलिए हर घर में नल और जल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो, इस दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिम्मेदारी के साथ शीघ्रता एवं पारदर्शिता से गुणवत्तामूलक कार्य करें। जल जीवन मिशन के कार्यों को करने वाले ठेकेदारों से कार्य पूर्ण कराने के पश्चात् ही उन्हें भुगतान करना सुनिश्चित करें। आधा-अधूरे कार्यों पर पूर्ण भुगतान न करें और भुगतान से पहले ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों का पूर्ण भुगतान करना गंभीर लापरवाही है, इसलिए ऐसा न करें। कलेक्टर ने भुगतान से पूर्व समिति के तीन अन्य विभागों के कार्यपालन अभियंताओं का हस्ताक्षर भी लेने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जलजीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में पीएचई के कार्यपालन अभियंता श्री ए.के. बच्चन को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल पहुंचाने के कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि लोगों के घरों में लगने वाले नलों में पानी की आपूर्ति पर्याप्त फोर्स के साथ उपलब्ध हो। सभी इंजीनियर और आईसीए फील्ड पर कार्यों का अवलोकन करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में लापरवाही और उदासीनता होने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में जिले में अब तक बिछाए गए पाइप लाइन, पेयजल आपूर्ति और प्रगतिरत् कार्यों की जानकारी ली। बैठक में क्रेडा के अधिकारी ने कहा कि एक माह के भीतर पूर्ण हो चुके 260 कार्यों की संख्या को बढ़ाकर 360 कर ली जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में पाइप लाइन बिछाने के दौरान सड़कों को नुकसान नहीं पहुंचाने, एक माह के भीतर बिना सोर्स वाले स्थानों पर पेयजल उपलब्ध कराने बनाई गई कार्यनीति की जानकारी उपलब्ध कराने सहित सिविल निर्माण की प्रगति के संबंध में भी निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू समिति के सदस्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.पी. भारद्वाज, कृषि अधिकारी श्री अजय अनंत, सहायक आयुक्त आदिवासी श्री श्रीकांत कसेर, सीएमएचओ श्री एस. एन. केशरी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार, जल संसाधन विभाग के श्री पी. के. वासनिक, पीएमजेएसवाई के श्री एस. के. नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ईव्हीएम को लेकर किया जागरूक




**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने आज कलेक्टोरेट परिसर में ईव्हीएम प्रदर्शन व मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने जिले के शहरी एवं ग्रामीण दूरस्थ क्षेत्रों में रथ के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीन का प्रशिक्षण देने एवं ईव्हीएम मशीन के द्वारा मतदान करने की सत्यता के प्रति आमजनों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही पात्र व वंचित लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, काटने एवं त्रुटि सुधार के संबंध में भी जानकारी प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने 18 वर्ष आयु पूर्ण किए हुए युवाओं एवं मतदाता सूची से वंचित महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं आमनागरिकों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.पी. भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिले में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान सभी मतदाताओं को मतदान का महत्व की जानकारी देने एवं ईव्हीएम के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर कोरबा, करतला तहसील कार्यालय परिसर सहित कोरबा, कटघोरा एवं पोड़ी-उपरोड़ा के एसडीएम कार्यालय में ईव्हीएम प्रदर्शन केंद्र की स्थापना की गई है। यह प्रचार रथ जिले के सभी विधानसभा में घूमकर ईव्हीएम मशीन का प्रचार-प्रसार डेमोन्सट्रेशन वैन के माध्यम से करेगा। जिससे सभी मतदाता लोक सभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से भाग लें। इस हेतु समस्त विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्र लोकेशनों को सम्मिलित कर तिथिवार रोड मैप तैयार किया गया है। इसी प्रकार जागरूकता रथ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्र के संबंध में भी जानकारी प्रदान किया जाएगा।

## पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत प्रथम चरण के सत्यापन हेतु शिविर का किया जा रहा आयोजन

**कोरबा।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत पारंपरिक शिल्पकारों/कारीगरों का पंजीयन सी.एस.सी. के माध्यम से किया जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन पत्रों का प्रथम चरण का सत्यापन ग्राम पंचायतों के द्वारा किया जाना है। प्रथम चरण के सत्यापन प्रक्रिया के संबंध में सीएससी द्वारा आवश्यक जानकारी देने हेतु कार्यालय जनपद पंचायतों में 15 एवं 16 जनवरी को शिविर आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत 15 जनवरी 2024 को प्रात: 11 बजे जनपद पंचायत कोरबा में एवं दोपहर 02 बजे करतला जनपद पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 16 जनवरी 2024 को प्रात: 11 बजे पाली जनपद पंचायत में, दोपहर 01 बजे कटघोरा जनपद में तथा दोपहर 03 बजे पोड़ी-उपरोड़ा जनपद में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को उक्त शिविर में सभी पंचायतों के सरपंचों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की जरूरत: डॉ नागेन्द्र

कोरबा। 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पतंजलि आरोग्य केंद्र मरवाही, शिवम मेडिकल मरवाही एवं लायंस क्लब एवरेस्ट (096456) के तत्वाधान में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंसक्लब्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट अवेयरनेस ऑफ डायबिटीज के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत निशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर, जांच चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर किया गया।

चिकित्सक लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने युवाओं एवं शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की आयुर्वेद मे जिस प्रकार से शरीर को धारण करने हेतु वात-पित्त-कफ प्रधान स्तम्भ है, उसी प्रकार हमारे शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिये आयुर्वेद में आहार,निद्रा एवं ब्रम्हचर्य ये तीन उपस्तम्भ बताये गये हैं। ये तीनों हमारे दोषों वात,पित्त एवं कफ को संतुलित रखने में मदद करते हैं। अत: हमे अपने आहार, अपनी निद्रा और ब्रह्मचर्य अर्थात इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना



चाहिये शिविर में लायन डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, पतंजलि आरोग्य केंद्र, शिवम मेडिकल मरवाही के संचालक जोखुलाल गुप्ता, चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के सदस्य द्वय नेत्रनंदन साहू तथा अश्विनी बुनकर, फार्मासिस्ट आयुष गुप्ता, अपेक्षा गुप्ता, गोटु मिश्रा, धीरज सिंह पोटाम एवं हेतराम चौधरी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

## 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आगामी अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने जा रहे कार्यक्रम हेतु 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें आदि बंद रखने के आदेश दिए हैं। शुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफ.एल.3 बार एवं मद्यभण्डागार को उक्त शुष्क अवधि में पूर्णत: बंद रखे जाने के आदेश दिए है।

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया

**कोरबा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पूरा देश राष्ट्रीय युवा दिवस मना रहा है। इस अवसर पर शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आई.पी.एस. जितेंद्र शुक्ला, कोरबा पुलिस अधीक्षक उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं एन.एस.एस. के संरक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तारा शर्मा एवं आई.क्यू.ए.सी.प्रभारी श्रीमती अमिता सक्सेना उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित इस सम्मान समारोह में युवा आईपीएस श्री जितेंद्र शुक्ला, कोरबा पुलिस अधीक्षक को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आई.पी.एस. जितेंद्र शुक्ला ने छात्राओं एवं शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही । उन्होंने कहा कि एन.एस.एस.का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से शिक्षा और शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा करना है। निश्चित ही राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर विद्यार्थी एक



अनुशासित, ईमानदार और जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। आज एक जिम्मेदार नागरिक बनना ही सबसे बड़ी समाज सेवा है। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर आप स्वयं की पहचान बनाएं, अनुशासन में रहे और कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं एनएसएस के संरक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि आज हमारे बीच ऐसी शख्सियत मौजूद है जिन्होंने स्वामी विवेकानंद के वाक्य उठो, जागो और चलते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो को चरितार्थ कर युवाओं के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समारोह में श्री शुक्ला ने अपनी सफलता की कुंजी और जीवन का सार बताया है, जिसका पालन कर निश्चित ही सफल हो सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ. तारा शर्मा ने इस भव्य आयोजन के लिए महाविद्यालय के एन.एस.एस यूनिट को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्वामी विवेकानंद के योगदान को याद किया।सम्मान समारोह के अगले चरण में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय की एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेज़ी कुजूर को स्वामी विवेकानंद की पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया। यह पेंटिंग महाविद्यालय की बी.ए.अंतिम वर्ष की छात्राएं श्रद्धा मारुवा, श्रेया मारुवा और आरती श्रीवास के द्वारा बनाई गई । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेज़ी कुजूर ने एनएसएस के द्वारा सत्र 2023-24 में संपादित गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।महाविद्यालय के प्राचार्य एवं एनएसएस के संरक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तारा शर्मा को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के एनएसएस यूनिट का सहयोग देने के लिए मधुसूदन दास को शाल, श्री फल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# लापता दो किशोर के शव नहर में मिले, की जा रही जांच

**जांजगीर - चांपा ।** पांच दिनों से लापता ग्राम सलखन के दो नाबालिक दोस्तों का शव आज सलखन और बरभांठा के नहर में अलग अलग जगह मिला। जिस स्थिति में दोनों के शव मिले हैं उसके आधार पर पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। शिवरीनारायण थाने में 9 जनवरी को दोनों नाबालिक लड़कों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

जानकारी केअनुसार ग्राम पंचायत सलखन भांठापारा निवासी दो नाबालिक लड़के दीपक टंडन (16) पिता हरिप्रसाद टंडन अपने दादा और अपने दोस्त राजेश यादव (15) पिता मुकुंद यादव के साथ 7 जनवरी को गोधना में आयोजित गुरुघासी दास की जयंती मेला देखने गए हुए थे।

रात्रि में दीपक टंडन अपने दादा और राजेश यादव के साथ घर आया। दीपक अपने स्वजन से राजेश को उसके घर छोड़कर आने की बात कहकर घर से निकला था। जिसके बाद दोनों दोस्त रात में अपने घर वापस नहीं पहुंचे। दूसरे दिन 8 जनवरी की सुबह घर नही पहुंचने पर स्वजन एक दूसरे के घर और अपने रिश्तेदारों में पता किए मगर उनका कहीं कोई पता नहीं चला। दोनों लड़को की काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिलने पर 9 जनवरी को शिवरीनारायण थाने में दोनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। दो नाबालिक लड़कों का शव शुक्रवार को सलखन और बरभांठा के नहर में अलग अलग मिला। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। सूचना के बाद डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा और चाम्पा एसडीओपी यदुमणि सिदार मौके पर पहुंचे। घटना की परिस्थिति के



लिहाज से हत्या की आशंका जताई गई है। फारेंसिक विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। दोनों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

**दीपक के शव पर नहीं थे कपड़े, राड से हुई पहचान**

रबी फसल के लिए नहर में पानी आने के बाद आज शुक्रवार को बरभांठा के नहर में एक लड़के के शव मिलने की जानकारी नवागढ़ पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर नवागढ़ पुलिस मौक पर पहुंची। लड़के की पहचान दीपक टंडन के रूप में स्वजन ने उसके बाएं पैर में लगे लोहे की राड से की। दीपक टंडन का शव जला हुआ था और शरीर में कपड़े नहीं थे।

**कपड़े से हुई राजेश के शव की पहचान**

दूसरे लड़के राजेश यादव का शव सलखान गांव के नहर में मिला। सूचना मिलने पर शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची। लड़के के शव की पहचान कपड़े के आधार पर उसके स्वजन ने राजेश यादव के रूप में की । दोनों का शव सड़ी गली हुई हालत में मिली है। छह दिनों के बाद दोनों दोस्तों का शव मिला है। दीपक के शरीर में एक भी कपड़े नहीं थे जबकि राजेश के शरीर पर पूरे कपड़ेथे।

**मुड़पार के तालाब में मिली थी बाइक**

नवागढ़ थाना क्षेत्र के मुड़पार गांव के तालाब में 8 जनवरी को बाइक क्रमांक एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 10 इपी 9320 डूबा हुआ मिला था। मनरेगा में काम करने वाले लोगों ने डायल 112 को तालाब में बाइक होने की सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी और बाइक को तालाब को बाहर निकालकर जब्त किया था।

**दोनों नहीं रखते थे मोबाइल**

पुलिस ने जब दीपक और राजेश के स्वजन से मोबाइल रखने के संबंध में पूछताछ की ताकि पुलिस मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच की कड़ी को आगे बढ़ा सके तो उनके स्वजन ने बताया कि वे दोनों अपने पास मोबाइल नहीं रखते थे।

सात जनवरी की रात से लापता सलखन के दोनों नाबालिक लड़कों का शव नहर में आज मिला है। दोनों की हत्या कर शव नहर में फेंकने की आशंका जताई गई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या किस तरह हुई है इसकी जानकारी मिल पाएगी।

विजय पैकरा
एसडीओपी, जांजगीर

# अध्यक्ष पर भरोसा नहीं, अविश्वास प्रस्ताव के लिए दिया आवेदन

**सक्ती ।** भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनते ही जहां एक ओर भाजपाइयों में नया जोश दिखने लगा है। सक्ती नगर पालिका में भी भाजपा पार्षदों ने अध्यक्ष के विरूद्ध मोर्चा खोलते हुए शुक्रवार को कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव की सूचना दी।कांग्रेस शासन काल में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बन रही रणनीति को अब भाजपाई अंजाम तक पहुंचाने में लग गए हैं। इसी आशय का ज्ञापन कलेक्टर सक्ती नूपुर राशि पन्ना को भाजपा के पार्षदों ने सौंपा है ।

5 पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की सूचना देकर अध्यक्ष पर अनियमितता को लेकर कई आरोप लगाए हैं। इसकी खबर मिलते ही नगर में राजनीतिक चर्चाएं भी शुरू हो गई है। वहीं पार्षदों में भी खेमे बंदी की सुगबुगाहट है। विरोधी पक्ष जहां अध्यक्ष को हटाने एढी चोटी एक करेंगे। वहीं अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने पूरा प्रयास करेंगी। अविश्वास प्रस्ताव की सूचना देने वालों में वार्ड नंबर 6 की पार्षद रजनी संजय रामचंद्र , पार्षद सरला गोविंदा निराला, गजेंद्र यादव, विजय लखन देवागंन, धनंजय नामदेव का हस्ताक्षर है।

**क्या है अविश्वास प्रस्ताव के ज्ञापन में**

अविश्वास की सूचना के लिए जो लिखित ज्ञापन दिया गया है उसमें कहा गया है कि अध्यक्ष द्वारा पीआईसी की बैठक एवं परिषद् की बैठक में जनहित के कार्य को ध्यान में न रखकर स्वहित के कार्य के ज्यादा ध्यान दिया जाता है। नगर पालिका में इनके पद पर रहते हुए साफ सफाई, पेय जल, एवं विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर पालिका के अधिकांश सयंत्रों में इनके पति त्रिलोक चंद जायसवाल के कारखाने से निर्मित संयंत्र नगरीय



निकाय में ज्यादा दिखते हैं।

100 करोड़ रूपए की नल जल योजना समय बीत जाने के बाद भी पूर्ण नहीं हो सकी है। नियमों के विपरीत ठेकेदार के द्वारा पूर्णरूप से भ्रष्टाचार करते हुए नगर में निर्माण कार्य जारी है । कार्य की गुणवता निम्न है। 4 वर्षो के आय व्यय का लेखा जोखा परिषद् की बैठक में पार्षदों के द्वारा मांगे जाने पर भी नहीं दिया गया है। मनमाने ढंग से अनुपयोगी मशीनरी की खरीदी कर आर्थिक हानि पहुंचाई गई है। इसलिए हम नगर पालिका अध्यक्ष के विरूध अविश्वास प्रस्ताव लाने विवश हैं।

**सफलता तब मिलेगी जब कांग्रेसी पार्षद देंगे साथ**

अविश्वास प्रस्ताव को लेकर नगर में जो चर्चा चल रही है उसकी सबसे खास बात यह है कि भाजपा पार्षदों की संख्या वर्तमान समय में केवल 6 है। जबकि अविश्वास प्रस्ताव के लिए कम से कम 13 पार्षदों की आवश्यकता होगी ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन देने वाले पार्षदों को कांग्रेसी पार्षदों का सहयोग लेना पड़ेगा। बिना क्रास वोटिंग के अविश्वास प्रस्ताव पारित नहीं हो सकता।

# रामनामी समाज को अयोध्या से बुलावा

**जांजगीर-चांपा।** महेत्तर राम रामनामी को अयोध्या में भगवान राम की प्राणप्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रण मिला है। इसको लेकर वे खुश हैं। 18 जनवरी को वे अयोध्या रवाना होंगे। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्राम जमगहन निवासी महेत्तर राम रामनामी ने मीडिया से चर्चा में बताया कि उन्होंने 20 साल की उम्र में अपने पूरे शरीर पर रामनाम का गोदना गुदवाया है। उन्होंने बताया कि उन्हें यह आमंत्रण मिलने से वे खुश हैं।

हम नाम के साधक हैं अब धाम से भी बुलावा आया है तो जरूर जाएंगे। उन्होंने बताया कि वे भजन कीर्तन राम नाम का ही करते हैं। जब उसने शरीर पर राम नाम



का गोदना गुदवाया तो इसके लिए मशीन नहीं थी। हाथों से गोदना गोदा जाता था। तब असहनीय पीड़ा होती थी। महेत्तर राम ने बताया कि उनकी उम्र 81 साल है और वे पहले भी अयोध्या प्रयागराज जा चुके हैं। रामनामी समाज मूर्तिपूजा नहीं करते लेकिन मूर्ति पूजा के विरोधी नहीं हैं।सब अपने अपने तरीके से भगवान को मान सकते हैं।उनके परिवार में यह आमंत्रण मिलने पर खुशी है।

उनके परिवार में बेटा बहु और पौत्र पौत्री हैं। महेत्तर राम रामनामी समाज के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष रह चुके हैं। उनका कहना है कि नई पीढ़ी के लोग शरीर पर रामनाम लिखवाने से परहेज कर रहे हैं पर विवाहित और अधिक उम्र के लोग अभी भी रामनाम का गोदना गुदवा रहे हैं। इस साल भी 40 ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है जो रामनाम का गोदना शरीर पर गुदवाएँगे।

## पेड़ कटाई को रोकने के लिए सौंपा ज्ञापन

**हसौद ।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के हसदेव जंगल में पेडों की कटाई के विरोध में 11 जनवरी गुरुवार को भीम आर्मी, ओबीसी महासभा, आदिवासी समाज सहित हसौद क्षेत्र के लोगों द्वारा आदिवासी वेश भूषा के साथ रैली निकाल कर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

इस आंदोलन में पीतांबर बंजारे, खेमराज कश्यप, राम कुमार, श्रीराम गोड़, विजय मनहर, रामकिसुन मांझी, ओमप्रकाश,पुष्पा खूंटे, सुनील, अजय, तुलेश् योगेश, आकाश, करन, अजय बुद्ध, सागर, कृष्णा , भोला, सतीश, संदीप, गोलू सहित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## फिजियोथैरेपिस्ट के पद हेतु प्राप्त आवेदनों के आधार पर एकीकृत मेरिट सूची सह पात्र/अपात्र सूची जारी

**जांजगीर-चांपा।** प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के अनुसार समग्र शिक्षा, जांजगीर अंतर्गत कार्य करने हेतु 01 पद फिजियो 01 पद स्पीच थैरेपिस्ट के पद पर प्रतिमाह 20000 रू. निश्चित पर योग्यताधारी आवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में 22 सितम्बर 2023 तक रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया था। फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटनी उपरांत एकीकृत मेरिट सूची सह पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। अभ्यर्थी 25 जनवरी 2024 तक जारी सूची में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मेरिट सूची कार्यालय मे चस्पा कर दिया गया है तथा जिले के वेबसाइट https://janjgir-champa.gov.in पर भी देखा जा सकता है। दावा-आपत्ति निराकरण के पश्चात पात्र अभ्यर्थियों को दिनांक 29 जनवरी 2024 को इस कार्यालय में अपने दस्तावेजों का सत्यापन स्वयं उपस्थित होकर कराना होगा। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति या अन्य किसी आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

# रेत का अवैध भंडारण हो रहा इलाके में

**बम्हनीडीह ।** जिले के बम्हनीडीह में बाजार रोड के पास हसदेव नदी पर लगातार जेसीबी और ट्रैक्टर के माध्यम से सैकड़ों हाइवा रेत डंप कर के रखा गया है जिसमे प्रशासन के अधिकारियों की नजर जा ही नहीं रही । नदी से रेत निकालने पर बम्हनीडीह के रेत माफियाओं पर पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है मगर ये कार्रवाई नाकाफी है और रेत का अवैध खनन व परिवहन नहीं रूक रहा है। इससे खनिज विभाग को लाखों रूपए का राजस्व की हानि हो रही है।

इन रेत माफियाओं को कार्रवाई का डर नहीं है। कई लोग तो राजनीतिक सरोकार भी रखते है और उनकी अच्छी राजनीतिक पकड़ भी है। अवैध परिवहन के चलते रेत की कीमतों में वृद्धि हुई है। लगातार अवैध उत्खनन से हसदेव नदी में पानी का बहाव भी प्रभावित हो रहा है। इससे पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ने की आशंका है। रात दिन हसदेव नदी के तट पर चैन माउंटेन , जेसीबी और ट्रैक्टर तथा हाइवा देखा जा सकता है मगर न तो इससे विभाग को सरोकार है न रेत माफियाओं को किसी का डर है। क्षेत्रवासियों ने उनके विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

**हो चुकी है कई घटनाएं**



बम्हनीडीह से रेत निकाल कर रेत माफिया दूर दूर रेत परिवहन करते है जिसमे रेत लोड भारी वाहन सड़कों पर फर्राटे भरते हैं। बाजार रोड से होकर वाहनों के गुजरने से कई बार दुर्घटना होती है। इस रोड से बाजार रोड, आत्मानंद विद्यालय , सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय , कालेज के समस्त विद्यार्थी आना जाना करते हैं। कईबार दुर्घटना भी होती है। वहीं भारी वाहनों के चलतेजाम भी लगता हैमगर इससे किसी को इससे कोई सरोकार नहीं है।

घर के अवैध रेत डंप करने की जानकारी मिली है। इस पर कार्रवाई की जाएगी।

पुलकित साहू, तहसीलदार , बम्हनीडीह

## स्वस्थ बालिका स्पर्धा एवं कन्या जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ﷺबेटी बचाओ बेटी पढाओﷺ योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वस्थ बालिका स्पर्धा एवं कन्या जन्मोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। स्वस्थ बालिका स्पर्धा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत करते हुए सुपोषण टोकरी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि अब तक 651 बालिकाओं को पुरस्कृत किया जा चुका है एवं कन्या जन्मोत्सव के अंतर्गत 200 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया जा चुका है। बालिकाओं के जन्म एवं स्वास्थ्य के प्रति परिवार एवं समाज को जागरूक करना बेटियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त बनाना ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके क्योंकि बेटियाँ ही समाज का आधार है। प्रतियोगिता एवं जन्मोत्सव के माध्यम से बेटी जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित की जा रही है। जिससे बेटियों के प्रति समाज के विचारधारा में परिवर्तन आयेगा। बेटियों को आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी, बेटियाँ अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्राप्त कर सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी, बेटियाँ अपने विधिक अधिकारों को प्रति जागरूक होकर सम्मानपूर्वक जीवन यापन करेगी ।

# जिले के विभिन्न ग्रामों में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टरआकाश छिकारा के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की एलईडी वैन पहुंच रही है और प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नवापारा, भादा, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा, पहरिया, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत खोखरी, पकरिया, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत रिसदा, सोनियापाठ, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बाना एवं पड़रिया में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभन्वित किया जा रहा है।

**13 जनवरी को इन ग्राम पंचायतों में होगा शिविर का आयोजन**

विकसित भारत संकल्प यात्रा 29 दिसम्बर को जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत अकलतरी मौहाडीह, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत बैजलपुर, करमंदा, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत महका, कोहका, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत नवागांव एवं देवरी में आयोजित किया जाएगा।

## राज्य योजना आयोग द्वारा नवाचारों के अध्ययन व प्रोत्साहन हेतु आर्थिक सहायता हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में जमीनी नवाचारों जिनकी पहचान एवं उपयोगिता समाज हित में है तथा उद्यमिता विकास के द्वारा वाणिज्यिक पैमाने पर बढ़ाये जाने की संभावना हो, को प्रोत्साहित करने तथा प्रदेश में नवाचार का ईकोसिस्टम तैयार करने के उद्देश्य से राज्य के शैक्षणिक एवं शोध संस्थाओं, शासकीय एवं निजी संस्थाओं, उद्योगों एवं नवप्रवर्तकों से 31 जनवरी, 2024 तक निर्धारित प्रारूप में नवाचार प्रस्ताव आफलाईन अथवा ऑनलाईन ईमेल आईडी ms. cgspc @gov.in पर आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

## जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर।** प्रार्थी हनुमान कुमार देवांगन सकिन बैरियर चौक चांपा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 10-01-24 को रात्रि करीबन 08/00 बजे को आरोपी प्यारे मोहम्मद उर्फ छोटू द्वारा नशे में प्रार्थी से शराब पिने के लिये पैसे की मांग किये प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर एवम दुकान में तोड़ फोड़ कर देने की धमकी दिया की रिपोर्ट पर थाना चाम्पा में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 34/24 धारा 294,506,327 द्वश्ब कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी प्यारे मोहम्मद उर्फ छोटू निवासी मोदी चौक चांपा को उसके सकुनत से पकड़ा, जिसको घटना के संबंध में पूछताछ किया जो *घटना घटित करना स्वीकार किये जाने से विधिवत् गिरफ्तार किया जाकर दिनांक 12.01.24 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है।

# दिव्यांग प्रमाण पत्र पाकर संतोष को मिला संतोष

**जांजगीर-चांपा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान संतोष कुमार साहू ने जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत अकलतरी में 5 जनवरी 2024 को लगाए गए शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए आवेदन लगाया था। आवेदन पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए थे। जिस पर सीएमएचओ ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए संतोष को जरूरी दस्तावेज के साथ अस्पताल में बुलाया। मेडिकल बोर्ड द्वारा पात्रता की आवश्यक कार्यवाही करते हुए संतोष का दिव्यांगता का प्रमाण पत्र शुक्रवार को जारी किया गया।

सीएमएचओ डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया ने बताया कि संतोष कुमार साहू उम्र 54 वर्ष की मेडिकल जांच करने के उपरांत उनकी 85 प्रतिशत चलन संबंधी दिव्यांगता पायी गई। इस आधार पर उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया। जिसे शुक्रवार 12 जनवरी 2024 को कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन पर प्रमाण दिया गया।

**संतोष का परिवार हुआ खुश -**

दिव्यांग प्रमाण पत्र पाकर संतोष साहू को बहुत सुकून मिला। वह बताते है कि पिछले साल उनके पैर में कुछ समस्या आई थी। जिसके चलते उनका दाहिना पैर काम करना बंद कर दिया था। मेडिकल जांच में पैर में गैगरिन होना बताया गया। जिसके बाद उनका एक पैर पूरी तरह काम करना बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने दिव्यांग प्रमाण पत्र को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए उनके प्रमाण पत्र को बनाये जाने के निर्देश दिए और उनका यह प्रमाण पत्र एक सप्ताह में बनकर तैयार हो गया। आज जब यह प्रमाण पत्र उनके हाथों में आया तो वे एवं उनका परिवार बेहद ही खुश नजर आया। उनका कहना था कि इस प्रमाण पत्र के मिल जाने से उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कलेक्टर सहित मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाये जाने के लिए धन्यवाद दिया।

# अचल संपत्ति की खरीदी और बिक्री के लिए अब सरकारी वेबसाईट पर होगी व्यवस्था



**जांजगीर चांपा।** वर्तमान में प्राइवेट कंपनी के माध्यम से जमीन की रजिस्ट्री हो रही है जिसे बंद कर दिया जाएगा। इसके स्थान पर उपपंजीयक कार्यालयों में अब जमीन की रजिस्ट्री नए साफटवेयर एनजीडीआरएस से होगी। यह केंद्र सरकार ने ही खुद डेवलेप किया है। यानी निजी की जगह अब सरकारी वेबसाइट से ही सारा कामकाज होगा। फिलहाल एनजीडीआरएस साफ्टवेयर को देश के 10 राज्यों में शुरु किया गया है। इसे अपनाने वाला छत्तीसगढ़ 11वां राज्य है। धमतरी और महासमुंद में नए साफ्टवेयर को लांच कर दिया गया है। इधर जांजगीर-चांपा जिले में भी इसे शुरु कराने स्टेट लेबल से तैयारी चल रही है। मार्च तक इसे लागू किया जा सकता है।

**नए साफ्टवेयर से यह होंगे बदलाव**

एनजीडीआरएस साफ्टवेयर में सीधे विभाग से रजिस्ट्री होगी। अभी वर्तमान साफ्टवेयर में टोकन नंबर लेने के बाद दस्तावेज अपलोड की सारी प्रक्रिया रजिस्ट्री के दौरान उप पंजीयक कार्यालयों में ही की जाती है। नए साफ्टवेयर में दस्तावेज अपलोड का काम पक्षकारों को पहले से बाहर से कराना आना होगा। उपंजीयक कार्यालयों में केवल सीधे थम्ब व फोटो खींचने का ही कार्य होगा। संपूर्ण दस्तावेजों को विभाग के वेबसाइट पर कम्प्यूटर सेंटरों से रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को खुद के खर्च पर बाहर से करना होगा। इससे उप पंजीयक कार्यालयों में रजिस्ट्री में लगने वाला समय कम हो जाएगा और पक्षकारों को कार्यालय में कम समय रूकना पड़ेगा।

**वकीलों और स्टाम्प वेंडर को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

एनजीडीआरएस साफ्टवेयर की प्रक्रिया को समझाने के लिए एनआईसी रायपुर के द्वारा पहले जमीन रजिस्ट्री से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों, स्टाफ और वकीलों और स्टाम्प वेंडरों आदि संबंधित लोगों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि नए साफ्टवेयर में किस तरह कामकाज होगा, उन्हें बताया जा सके। बहरहाल जिला स्तर पर इसको लेकर अभी जानकारियों एनआईसी रायपुर भेजी जा रही है ताकि मार्च तक इसे लागू किया जा सके।

उप पंजीयक कार्यालयों में नए एनजीडीआरएस साफ्टवेयर को लागू करने की तैयारी चल रही है। नए साफ्टवेयर से उप पंजीयक कार्यालयों में कामकाज की प्रक्रिया सरल हो जाएगी। हालांकि इसकी प्रक्रिया स्टेट लेबल से की जा रही है। मार्च-अप्रैल तक संभावित है।

चित्रसेन पटेल, जिला उपपंजीयक जांजगीर-चांपा



## रामलला को भोग लगाने छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स भेज रहे चावल... प्रभु के लिए बनेगी खीर

**जांजगीर चांपा।** अयोध्या के राम लला के भोग के लिए जिले के राइसमिलर्स भी बड़ी महति भूमिका निभाएंगे। जांजगीर-चांपा राइस मिलर्स एसोसिएशन 30 टन चावल अयोध्या भेज रहे हैं, ताकि 22 जनवरी को रामलला को भोग लगाया जा सके। इसके लिए राइस मिलर्स ने आरबी स्वर्णा सुगंधित चावल भेज चुके हैं। प्रदेश के राइस मिलर्स ने प्रदेश से 300 टन चावल अयोध्या भेज चुके हैं। जिसमें 10 फीसदी हिस्सा जांजगीर चांपा जिले की भी है। प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने बताया कि अयोध्या के राम लला के लिए यह चावल भोग लगाने का काम आएगा। उन्होंने बताया कि यह सुगंधित चावल श्रद्धालुओं के काम आएगा। उन्होंने बताया कि आरबी चावल की विशेषता है कि यह बारिक चावल है। जो जिले की विशेष पहचान है। क्योंकि जिले में कई तरह के सुगंधित चावल का उत्पाद होता है। जिसमें आरबी स्वर्णा चावल संकलित किया गया है। इसे संकलित कर अयोध्या भेजा जा चुका है। इस दौरान विष्णु अग्रवाल, प्रिंस अग्रवाल, तपन अग्रवाल, जुगल लिखमानियां, मनोज पालीवाल, बांके बिहारी, अंकित मोदी सहित राइस मिल एसोसिएशन का विशेष योगदान रहा। जरूरत पड़ी तो आगे भी करेंगे सहयोगप्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने बताया कि अयोध्या के राम लला के लिए आगे भी कई तरह के सहयोग बतौर चावल व अन्य जरूरी सामान भेजा जाएगा।

# लंबित मामलों को निपटाने के साथ शिकायतें हल करें

**एसपी ने क्राईम मीटिंग में निर्देश दिए**

**चांपा।** पुलिस अधीक्षक ने सभागार में क्राईम मीटिंग में अपराधों की समीक्षा की। लंबित मामले और शिकायतों को हल करने पर जोर दिया।

थानों में संधारित होने वाले जरायम, अल्फाबेट, सस्पेक्ट, सजायाब, फरार, व्ही. सी. एन.बी., फैना कट्टा, लोकल शिकायत, एमएलसी, हिस्ट्रीशीट, इंडेक्स टू हिस्ट्रीशीट, गिरफ्तारी एवं जप्ती माल रजिस्टरों को प्राथमिकता के साथ अपडेट करना सुनिश्चित करें।



सभी राजपत्रित अधिकारीगण थानों का आकस्मिक निरीक्षण करें और उसकी टीप थानों के रजिस्टर में दर्ज करें। आपके द्वारा आकस्मिक निरीक्षण में दिये गये निर्देशों के संबंध में व्हाट्सअप के माध्यम से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

नशे में प्रभावी कार्यवाही करें किसी भी स्थिति में थाना/चौकी क्षेत्र में अवैध नशे का कोई भी कारोबार संचालित न हो सुनिश्चित कर लिया जावे। सूखा नशा जैसे गांजा, टेबलेट, सीरप, सिलोशन इत्यादि पर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जावे।

अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों की नियमित मीटिंग लेकर लंबित मामलों के निराकरण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जावे ,

चिटफण्ड के प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें।

रोड एक्सीडेंट के मामलों में भादवी के साथ-साथ मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत भी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में आपके क्षेत्र में खड़ी गाड़ी से दुर्घटना न हो, इस इस तरह के वाहनों के कारण दुर्घटना होती है तो संबंधित थाना/चौकी प्रभारी की त्रुटि सुनिश्चित करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निर्माण कार्य हेतु निविदा सूचना
निविदा मूल्य: ₹ 17,74,90,649/-
https://www.ireps.gov.in
South East Central Railway

**अनमोल वचन**

**अच्छा दिखने के लिए नहीं बल्कि अच्छा बनने के लिए जियो..!**

# विश्वास का सवाल है

प्रश्न यह है कि अगर किसी पार्टी ने अपना संविधान बदल दिया हो, तो पुराना संविधान किसी फैसले का आधार कैसे हो सकता है। यह विवाद का मुद्दा है। इसका अप्रिय पक्ष यह है कि इससे स्पीकर के पद पर विवाद गहराया है। महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर ने वही फैसला दिया, जिसका शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की तरफ से पहले से अनुमान लगाया जा रहा था। इस गुट ने एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट जाने का इरादा जता दिया था। फैसला आने के बाद पार्टी ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया और एलान किया कि वह इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। जाहिर है, इस गुट को स्पीकर राहुल नार्वेकर की निष्पक्षता पर भरोसा नहीं था। ठीक ऐसी ही धारणा कई और हलकों में थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नार्वेकर ने अपना फैसला जिस आधार पर दिया, उससे इन हलकों में पहले से मौजूद संदेह को दूर करने में कोई मदद नहीं मिलेगी। नार्वेकर ने शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे गुट में जारी विवाद पर फ़ैसला सुनाते हुए कहा कि शिंदे गुट ही असली शिवसेना मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि 21 जून 2022 को शिवसेना में फूट पड़ गई। उस समय उद्धव ठाकरे गुट के सचेतक सुनील प्रभु ने व्हिप जारी किया था। लेकिन नार्वेकर ने कहा कि जब उन्होंने यह कदम उठाया, तब वे सचेतक नहीं रह गए थे।

नार्वेकर ने ये फ़ैसला शिवसेना पार्टी के 1999 के संविधान के आधार पर दिया है। जबकि उद्धव ठाकरे गुट ने अपना 2018 का संविधान नार्वेकर को सामने पेश किया था। उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक 1999 के संविधान में प्रावधान है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शिवसेना का नेतृत्व करेंगे, जबकि 2018 में कहा गया कि पार्टी प्रमुख का फ़ैसला ही पार्टी का फ़ैसला होगा। लेकिन प्रश्न यह है कि अगर किसी पार्टी ने अपना संविधान बदल दिया हो, तो पुराना संविधान किसी फैसले का आधार कैसे हो सकता है। यह विवाद का मुद्दा है। इसका अप्रिय पक्ष यह है कि इससे स्पीकर के पद पर विवाद गहराया है। जिस समय तमाम पद और संस्थाओं पर एकपक्षीय होने का संदेह गहराता जा रहा है, इस विवाद से यह माहौल और संगीन होगा। इस नतीजे से एकनाथ शिंदे गुट के 16 विधायकों को राहत मिली है। वहीं ठाकरे गुट को झटका लगा है और उद्धव ठाकरे ने तो अब सवाल उठा दिया है कि भारत में लोकतंत्र रहेगा कि नहीं।

## राशिफल

मेष राशिःआज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको खुशी मिलेगी। आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी लेकिन धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता जरूर मिलेगी। आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते हैं।

वृष राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जाएगा। मार्किट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आएंगे, आप भी इसका भरपूर लाभ उठाएंगे। परिवार में सुख-शाति बनी रहेगी। आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा।

कर्क राशिःआज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपके घर में कोई मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी। आपका पेशेंस आपको सक्सेस दिलाएगा।

सिंह राशिःआज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे हैं तो आज का दिन बेहतर है।

कन्या राशिःआज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जाएगा, आप काम करने के नए टारगेट बनाएंगे। आपका मन ईश्वर की आराधना में लगेगा आप किसी मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे।

तुला राशिःआज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों को प्रिय बनाएगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। छात्रों को पढ़ाई या करियर से जुड़ी समस्याओं का सॉल्यूशन मिलेगा, अपनी मेहनत जारी रखें।

वृश्चिक राशिःआज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। ऑफिस में कोई आपका विरोध कर सकता है, सहकर्मियों से ताल-मेल बनाकर रखें। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है।

धनु राशिःआज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपका कोई रुका काम पूरा हो जाएगा। स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी। आपके घर में कोई मंगल कार्यक्रम हो सकता है, आपका दिन व्यस्तता और भाग-दौड़ में बीतेगा।

मकर राशिःआज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। परिवारजन में आपसी सामजस्य बेहतर बनेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे, जहां आपको काफी शांति महसूस होगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवि मजबूत बनेगी।

मीन राशिःआज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट का काम कर रहे लोगों को आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ मिलेगा। आपके माता-पिता आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपके आस-पास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा, जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।

# ऐसा कोई सगा नहीं जिसे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने ठगा नहीं!

//नीरज कुमार दुबे //

**मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू सिर्फ भारत विरोधी नहीं हैं बल्कि उनके इतिहास पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि वह किसी के सगे नहीं हैं। हम आपको बता दें कि मोहम्मद मुइज्जू ने चीन समर्थक माने जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन की उंगली पकड़ कर राजनीति में कदम रखा, उनके नक्शेकदम पर चलते हुए भारत विरोध को हवा दी और आखिरकार राष्ट्रपति पद तक पहुँच गये। लेकिन अब माना जा रहा है कि मुइज्जू के संबंध अपने गुरु अब्दुल्ला यामीन के साथ बिगड़ गये हैं। हालात ऐसे हो गये हैं कि भ्रष्टाचार के आरोपों में सजा काट रहे अब्दुल्ला यामीन अपने ही चेले मुइज्जू और अपनी ही पार्टी का विरोध नई पार्टी बनाकर कर सकते हैं।**

यामीन को उम्मीद थी कि उनकी पार्टी और गठबंधन की सरकार बनने पर उन्हें रिहा करवाने का प्रयास किया जायेगा लेकिन मुइज्जू ने सत्ता पर पूरी तरह अपनी पकड़ कायम करने के लिए यामीन को दरकिनार कर दिया है।यह भी बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति पद संभालने वाले दिन मुइज्जू ने उन लोगों की ओर देखा तक नहीं जिन्होंने राजनीति में आगे बढ़ने में उनकी मदद की थी। बताया जा रहा है कि अब्दुल्ला यामीन शुरू से ही मुइज्जू के इस स्वार्थी रुख से वाकिफ थे इसलिए वह उन्हें अभी राष्ट्रपति चुनाव का टिकट भी नहीं दिलवाना चाहते थे। लेकिन अपनी उम्मीदवारी के लिए पीपुल्स नेशनल कांग्रेस को मनाने में मुइज्जू कामयाब रहे थे। बताया जाता है कि जेल की सजा के कारण मोहम्मद यामीन के पास मुइज्जू की उम्मीदवारी का समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था इसलिए उन्होंने मजबूर होकर अपनी पत्नी के माध्यम से अपनी सहमति पार्टी के पास उस दिन भेजी जब मुइज्जू चुनाव आयोग के समक्ष अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे थे।बताया जा रहा है कि मुइज्जू की जीत के जश्न के दौरान और उसके बाद घटी घटनाओं से पूर्व राष्ट्रपति यामीन और उनके साथी डॉ. मोहम्मद जमील अहमद के मन में नाराजगी स्पष्ट हो गयी थी क्योंकि लगातार उनका अपमान किया जा रहा था। हम आपको यह भी बता दें कि मालदीव में 30 सितंबर को हुए चुनावों के बाद और मतगणना के बीच ही जमील और उनके सहयोगियों ने जनता को आगाह करना शुरू कर दिया था कि उन्हें आने वाली सरकार के बारे में सतर्क रहने की जरूरत है। इस तरह से देखा जाये तो नई सरकार के औपचारिक रूप से सत्ता संभालने से पहले ही मालदीव में असंतोष का माहौल शुरू हो गया था।

मालदीव के चैनल 13 पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ. मोहम्मद जमील अहमद ने कहा कि यामीन चाहते थे कि वह राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डॉ. मुइज्जू के जश्न में भाग लें। जमील के अनुसार, यामीन ने डॉ. मुइज्जू से यह भी अनुरोध किया था कि जब तक वह पूरी तरह से रिहा नहीं हो जाते, तब तक जश्न का कार्यक्रम स्थगित कर दिया जाए। जमील ने कहा कि अगर मुइज्जू चाहते तो तत्कालीन सरकार यामीन को उनकी आपराधिक सजा के बावजूद जश्न में भाग लेने की अनुमति देती। जमील के अनुसार मुइज्जू ने अपने विजयी संबोधन में भी यामीन के प्रति आभार व्यक्त नहीं किया था। हम आपको बता दें कि यामीन के राष्ट्रपति रहने के दौरान डॉ. जमील उपराष्ट्रपति थे। हालांकि उनको बाद में पद से हटा दिया गया था। उपराष्ट्रपति पद से बर्खास्त होने के बाद जमील ने यामीन के खिलाफ लंबे समय तक हमला बोला था और 2018 में यामीन को सत्ता से हटाने के लिए मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) की राजनीतिक गतिविधियों के पीछे उन्हीं का हाथ माना जाता है। लेकिन अपने रुख में पूर्ण बदलाव के बाद जमील अब यामीन के प्रमुख पक्षकार बन गये हैं और पीपुल्स नेशनल फ्रंट (पीएनएफ) नामक नई राजनीतिक पार्टी बनाने के प्रयासों का नेतृत्व भी कर रहे हैं। चुनावी जीत के जश्न के कार्यक्रम में यामीन की उपस्थिति की अनुमति देने में डॉ. मुइज्जू की ओर से दिखायी गयी उपेक्षा के बारे में जमील ने कहा, बेशक हमें उम्मीद थी कि वे इस दोस्ती और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का सम्मान करना जारी रखेंगे। यामीन भी इसके उतने ही हकदार हैं। समारोह के दौरान उन्हें उचित श्रेय और धन्यवाद मिलना चाहिए था। लेकिन हमने इस संबंध में कुछ भी नहीं सुना और इस बात ने तुरंत भावनात्मक रूप से हम पर गहरा प्रभाव डाला। यह भी बताया जाता है कि चुनाव में जीत के बाद मुइज्जू ने जब विजयी संबोधन दिया तो उसके ठीक बाद उन्हें यामीन का फोन आया। लेकिन मुइज्जू ने कॉल का जवाब देने से ही इंकार कर दिया। यही नहीं, मुइज्जू ने यामीन के कॉल मी बैक संदेशों को भी नजरअंदाज कर दिया।बताया जाता है कि मुइज्जू की गुस्ताखियों को देखते हुए यामीन का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया है। उन्होंने नयी सरकार के कामकाज संभालने के बाद अपने समर्थकों को अपने आवास पर एकत्रित कर हाल की घटनाओं पर अपनी निराशा और नाराजगी जताई।

अपने समर्थकों के लिए भेजे गये संदेश में यामीन ने कहा कि गठबंधन के नेताओं और पार्टी के सदस्यों के अंदर उनके लिए सड़कों पर उतरने की दृढ़ता होनी चाहिए। यामीन ने कहा कि पार्टी नेताओं को केवल शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद बड़े-बड़े बयान नहीं देने चाहिए, बल्कि यह दिखाना चाहिए कि वे किस चीज से बने हैं। बताया जाता है कि इसके बाद से राष्ट्रपति मुइज्जू ने यामीन से संपर्क करने से परहेज किया और पूर्व राष्ट्रपति के संदेशों का जवाब नहीं दिया। यह भी बताया जा रहा है कि यामीन के पास मंत्री पद के लिए नामों की एक सूची थी, जिस पर वह राष्टपति मुइज्जू के साथ चर्चा करना चाहते थे। हालाँकि, उन्हें इसका अवसर नहीं मिला।

यामीन इस बात को लेकर नाराज दिखे कि मंत्रिमंडल में अनुभवहीन लोगों को भर लिया गया है। हाल में जब तीन मंत्रियों की ओर से भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणियां की गयीं तो यामीन की नाराजगी जायज भी प्रतीत हुई। बताया जा रहा है कि यामीन करना तो बहुत कुछ चाहते हैं लेकिन वह जेल और पैरोल अधिनियम से बंधे हुए हैं जोकि उन्हें किसी भी राजनीतिक गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल होने से रोकता है। बहरहाल, यामीन के लिए अपने राजनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ाने की एकमात्र उम्मीद एक नई राजनीतिक पार्टी बनाना है। देखना होगा कि मालदीव की घरेलू राजनीति किस दिशा में आगे बढ़ती है। लेकिन एक बात साफ दिख रही है कि मुइज्जू के लिए राजनीतिक चुनौतियां पार्टी और गठबंधन के भीतर तो बढ़ने ही वाली हैं साथ ही विपक्ष भी उनके खिलाफ नये सिरे से लामबंद होने वाला है। मुइज्जू माले के मेयर रहे हों या अब राष्ट्रपति पद पर बैठे हों...उन्होंने हमेशा वरिष्ठों को दरकिनार करने और जिनका समर्थन लेकर आगे बढ़े उनको भुलाने की जो राजनीति की है उसको जनता अब समझ चुकी है इसीलिए कहा जा रहा है कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसे मुइज्जू ने ठगा नहीं।

# अयोध्या पर कांग्रेस की दयनीय राजनीति

//अजीत द्विवेदी//

**व्यापक रूप से धर्म और खासतौर से अयोध्या पर कांग्रेस की दुविधा चिरंतन है। वह कभी खत्म नहीं होती है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी और पीवी नरसिंह राव से लेकर राहुल गांधी तक कांग्रेस की यह दुविधा कायम है और समय के साथ यह दुविधा कांग्रेस को लगातार कमजोर करती जा रही है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि कांग्रेस की इस दुविधा ने भाजपा को मजबूत होने में सबसे ज्यादा मदद की है। भाजपा जब लोकसभा की दो सीटों के साथ सबसे कमजोर स्थिति में थी तभी दुविधा के शिकार राजीव गांधी ने अयोध्या में राममंदिर का ताला खुलवाया था।**

वे शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की ऐतिहासिक गलती कर चुके थे और उसकी भरपाई के लिए राम मंदिर का ताला खुलवाया था। पर उसके बाद कांग्रेस को न माया मिली और न राम। अब राहुल गांधी की कमान वाली कांग्रेस ने फैसला किया है कि सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को 'भाजपा और आरएसएस की राजनीतिक परियोजना' बताते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण को 'ससम्मान अस्वीकार' कर दिया है।

कांग्रेस को यह निमंत्रण दिसंबर में मिला था और इसे अस्वीकार करने का फैसला करने में उसने 20 दिन का समय लिया। जाहिर है कि किसी भी वैचारिक या राजनीतिक मसले पर फैसला लेने में इतना समय तभी लगता है, जब स्पष्टता न हो। कांग्रेस की वैचारिक अस्पष्टता कई और तरह से दिखी है। जैसे अक्टूबर में जब ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रधानमंत्री से मिले और उनको रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का न्योता दिया तब कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि 'न्योता सिर्फ एक पार्टी को क्यों दिया जा रहा है'। उन्होंने यह भी कहा था कि 'मंदिर किसी एक पार्टी का नहीं है'। उनके कहने का मतलब यह था कि कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को भी न्योता मिलना चाहिए। हो सकता है कि यह कांग्रेस की आधिकारिक राय न हो लेकिन खुर्शीद की बात का किसी ने विरोध नहीं किया।

इसके एक महीने बाद कांग्रेस को न्योता मिला तो वह 20 दिन तक फैसला रोके रही। अब जबकि फैसला आ गया है तो पार्टी के अंदर ही इस पर सवाल उठ रहे हैं। गुजरात प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे अर्जुन मोडवाडिया ने कहा कि 'कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय से बचना चाहिए था'। हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि उन्होंने पार्टी आलाकमान को बता दिया है कि वे अपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में जाएंगे।

कांग्रेस में अगर इस मसले पर वैचारिक स्पष्टता होती तो वह समय से पहले एक स्पष्ट रुख अख्तियार करती। कांग्रेस में अगर कोई भी दूरदृष्टि वाला नेता होता तो उसको अंदाजा होता कि इस मामले में कांग्रेस के इतिहास को देखते हुए भाजपा उसे उलझाने की कोशिश करेगी। जो कैच 22 सिचुएशन 20 दिसंबर को न्योता मिलने पर बना उसे कांग्रेस के नेता उसी दिन भांप लेते, जिस दिन लोकसभा चुनाव से पहले 'अर्धनिर्मित मंदिर' के उद्घाटन की तारीख तय हुई। अगर उस दिन नहीं तो जिस दिन नरेंद्र मोदी को न्योता मिला उस दिन भांप जाना चाहिए था कि कांग्रेस को भी न्योता मिलेगा और उसी समय अपनी रणनीति तय कर लेनी चाहिए थी। अगर कांग्रेस उस दिन से यह नैरेटिव बनाती कि अधूरे मंदिर का उद्घाटन हो रहा है और यह शास्त्र सम्मत नहीं है या भाजपा इसका राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है तो हो सकता है कि वह समाज के बड़े तबके को यकीन दिलाने में कामयाब हो जाती। तब यह भी हो सकता था कि कांग्रेस को न्योता नहीं भेजा जाता और उसे ऐसी स्थिति में नहीं फंसना पड़ता। लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस हर बार भाजपा के बिछाए जाल में फंस जाती है।


भाजपा और नरेंद्र मोदी के जाल में फंस कर ही राहुल गांधी कभी जनेउधारी ब्राह्मण बन जाते हैं तो कभी शिवभक्त बन जाते हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी कैमरे पर अपनी भक्ति करते हैं उसी तरह राहुल और प्रियंका की भक्ति भी कैमरे पर ही दिखती है। बहरहाल, कांग्रेस या तो जाल देख नहीं पाती है या उससे बचने के उपाय नहीं सोच पाती है। मैकियावेली ने शासक के गुण बताते हुए कहा था कि शासक को सिंह की तरह बहादुर होने के साथ साथ लोमड़ी की तरह चालाक होना चाहिए ताकि वह शिकारी द्वारा बिछाए गए जाल को देख या समझ ले। सार्वजनिक जीवन में हर व्यक्ति के अंदर यह गुण होना अनिवार्य है।

बहरहाल, कांग्रेस ने पहले रणनीति नहीं तय की और न नैरेटिव को अपने हिसाब से दिशा देने की कोई पहल की। जब पूरे देश में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का माहौल बन गया और मीडिया में 24 घंटे इस मुद्दे की चर्चा होने लगी तब जाकर कांग्रेस ने न्योता नामंजूर किया। इसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा का यह नैरेटिव स्थापित हो गया कि कांग्रेस हमेशा राम की विरोधी रही है और सबको पहले से पता था कि कांग्रेस के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे। इस बात को लोग तुरंत इसलिए स्वीकार कर लेंगे क्योंकि सोनिया व राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा में से कोई भी आज तक अयोध्या में रामलला के दर्शन करने नहीं गया है। राहुल और प्रियंका तो पिछले चुनाव में अयोध्या और फैजाबाद तक गए लेकिन रामलला के दर्शन करने नहीं गए। भाजपा को यह इतिहास पता था इसलिए उसने कांग्रेस को ऐसी स्थिति में डाला, जहां से कांग्रेस अपना कुछ नुकसान करके ही निकल पाती।

इस बार कांग्रेस के पास एक मौका था कि वह भाजपा को चौंका देती। अगर कांग्रेस के नेता अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चले जाते तो भाजपा को अपना नैरेटिव बदलना पड़ता। वह फिर कांग्रेस को रामद्रोही बताने की बजाय कहती कि मजबूरी में या भाजपा के दबाव में कांग्रेस रामलला को स्वीकार कर रही है। इससे कांग्रेस को अगर कोई फायदा नहीं होता तो नुकसान भी नहीं होता। ध्यान रहे कांग्रेस को पिछले चुनाव में भाजपा को मिले 22 करोड़ वोट में से वोट नहीं तोड़ना है, बल्कि उसके अलावा जो 40 करोड़ से ज्यादा वोट भाजपा के खिलाफ गए थे उनको एकजुट करना है। भाजपा के खिलाफ पड़े वोट का बड़ा हिस्सा हिंदू मतदाताओं का ही है। उसमें कांग्रेस के प्रति अगर पहले से कोई दुराग्रह है तो वह रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा में जाने से खत्म होता या उसकी तीव्रता कम होती। इसके साथ ही कांग्रेस जो अपनी दुविधा के कारण गाहे-बगाहे इस बात का श्रेय लेती रहती है कि राजीव गांधी ने राममंदिर का ताला खुलवाया था वह खुल कर इस बात को कह सकती थी और राममंदिर के अभियान में अपनी भूमिका बता सकती थी। लेकिन कांग्रेस ने वह मौका गंवा दिया।

कांग्रेस ने निमंत्रण अस्वीकार करने के दो कारण बताए हैं। पहला 'अर्धनिर्मित मंदिर' और दूसरा 'भाजपा और संघ की राजनीतिक परियोजना'। ये दोनों बातें कांग्रेस ने देश के सबसे श्रेष्ठ हिंदू धर्माचार्यों की टिप्पणियों से लिए हैं। गौरतलब है कि चारों शंकराचार्य इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो रहे हैं। उनका कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा धर्मसम्मत तरीके से नहीं हो रही है। लेकिन सवाल है कि जब कांग्रेस खुद ही इसे राजनीतिक प्रोजेक्ट बता रही है तो उसमें धर्मसम्मत चीजें खोजने की क्या जरुरत है? दूसरे, क्या कांग्रेस नेता खुल कर यह बात कहेंगे कि शंकराचार्य नहीं जा रहे हैं इसलिए कांग्रेस भी नहीं जा रही है या कांग्रेस शंकाराचार्यों की सारी बातें मानती है? असल में यह सुविधा का सिद्धांत है, हिप्पोक्रेसी है। जब हिंदू धर्म के धर्माचार्य सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध करते हैं तब कांग्रेस और देश की सेकुलर जमात सुप्रीम कोर्ट के साथ खड़ी होती है और जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मंदिर बनता है तो उसमें धर्मसम्मत होने का मुद्दा उठा कर शंकराचार्यों के साथ खड़े हो जाते हैं। तभी कांग्रेस की इस मामले में बहुत दयनीय राजनीति दिख रही है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री ने आज महाराष्ट्र के नासिक में राजमाता जिजाऊ को पुष्पांजलि अर्पित की।


प्रधानमंत्री आज महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे।


प्रधानमंत्री ने आज नासिक, महाराष्ट्र में श्री काला राम मंदिर में पूजा की।


आज महाराष्ट्र के नासिक पहुंचने पर लोगों ने प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।


आज महाराष्ट्र के नासिक पहुंचने पर लोगों ने प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# एक लाख शिक्षक अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र, सीएम नीतीश कुमार के हाथों होंगे सम्मानित



**पटना, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

आज राज्य में दूसरे चरण के बिहार लोक सेवा आयोग से अनुशंसित करीब एक लाख शिक्षक अभ्यर्थियों के बीच तदर्थ नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे। राजधानी पटना के गांधी मैदान में दोपहर बारह बजे से होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यहां सोलह जिलों के 26,925 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों से 500 अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र लेंगे। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं शिक्षा मंत्री प्रो. चन्द्रशेखर समेत अन्य मंत्री भी नियुक्ति पत्र देंगे। गांधी मैदान के समारोह का लाइव प्रसारण सभी जिला मुख्यालय में होगा। इससे सभी जिलाधिकारी एवं आयुक्त जुड़ेंगे।जिला मुख्यालयों में प्रभारी मंत्रियों द्वारा अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। शिक्षा विभाग के सचिव एवं प्रभारी अपर मुख्य सचिव बैद्यनाथ यादव ने शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से भी कार्यक्रम की तैयारी के बारे में फीडबैक लिया। प्रमंडलीय मुख्यालयों पर होने वाले समारोह में आयुक्तों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बीपीएससी से एक लाख अनुशंसित अभ्यर्थियों में से बाकी करीब 74 हजार अभ्यर्थियों को जिला मुख्यालयों में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

## अंबाला में मौसम विभाग का रेड अलर्ट, तीन दिनों तक ठंड से राहत नहीं

**अंबाला।** आने वाले तीन दिनों तक अंबाला में लोगों को सर्द मौसम से राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। हालांकि इसके बाद राहत की उम्मीद जताई जा रही है। शुक्रवार को दिन में कुछ समय के लिए धूप निकली तो राहत मिली, लेकिन बादलों और सूर्य के बीच लुकाछिपी चलती रही। सुबह व दोपहर के बाद आसमान में बादल छाये रहे, जबकि सर्द हवा ने भी परेशानी बढ़ा दी। अंबाला में धुंध का हलका असर रहा, जबकि विजिबिलिटी भी 200 से 500 मीटर तक की रही। शनिवार के लिए रेड अलर्ट है, जबकि इसके बाद सोलह जनवरी तक आरेंज अलर्ट है। हालात यह हैं कि अधिकतम पारा सामान्य से कहीं नीचे है, जबकि अधिकतम व न्यूनतम के बीच 5.6 डिग्री का अंतर है।इसी कारण से ठंड का प्रभाव अत्यधिक महसूस हो रहा है।

## हैवानियत की सारी हदें पार, बिलासपुर में वृद्धा महिला को गर्म लोहे से दागा, बाल जलाए और फिर धारदार...

**बिलासपुर, 13 जनवरी ।**

मप्र के बिलासपुर में जादू-टोने के संदेह में 70 वर्षीय महिला को गर्म लोहे से दागने, उसके बाल जलाने व चेहरे पर धारदार हथियार से हमले का बर्बर मामला सामने आया है। यह घटना बिलासपुर जिले के मस्तूरी थाना क्षेत्र के भदौरा की है। पीड़ित महिला को गंभीर हालत में जिले के छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स) में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला का बयान दर्ज किया जा रहा है। एएसपी बिलासपुर (ग्रामीण) अर्चना झा ने बताया कि कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से पीड़ित महिला का बयान रिकार्ड कराया गया है। महिला के स्वजन द्वारा थाने में दिए गए आवेदन और महिला के बयान में विरोधाभास होने से मामले को जांच में रखा गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मिली सूचना के अनुसार पीड़ित भूरीबाई सोनवानी को गुरुवार की रात करीब 12 बजे कुछ ग्रामीण घर से बुलाकर ले गए। उनके चीखने की आवाज सुनकर स्वजन बाहर आए। महिला घर से थोड़ी दूर पर बेसुध पड़ी हुई थी।

# एक गैंग ने दूसरे गैंग के घर के बाहर की कई राउंड फायरिंग, दहशत फैलाने के लिए क्षेत्र में पेट्रोल बम भी फेंके



**नईदिल्ली, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

आदर्श नगर थाना क्षेत्र स्थित मोची बाग में बृहस्पतिवार देर रात एक के बाद कई राउंड फायरिंग होने से लोगों में दहशत का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कई बार पुलिस कंट्रोल रुम को दी। मौके पर पुलिस पहुंचने से पहले ही बदमाश मौके से फरार हो चुके थे। पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है।जानकारी के मुताबिक लाल बाग क्षेत्र में दो गैंग सक्रिय हैं। अपना दबदबा बनाए रखने के लिए दोनों गैंग की आपस में भिड़ंत होती रहती है। बृहस्पतिवार की रात एक गैंग के बदमाशों ने दूसरे गैंग के सरगना के घर पर हमला कर दिया। इस दौरान कई पेट्रोल बम फेंके गए, कई राउंड फायरिंग भी की गई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपित का पता लगा रही है। कई राउंड फायरिंग की गई। जिससे इलाके में लोगों के बीच दहशत का माहौल हो गया। करीब आधे घंटे तक लोग अपने घरों छिपे रहे। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में स्थानीय लोगों ने कई बार पीसीआर काल भी की। सूचना मिलने पर स्थानीय थाना समेत कई पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। मौके से कारतूस के कई खाली खोल भी मिले हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन दोनों गुट के बीच ऐसा होता रहता है। जिससे स्थानीय लोगों में खौफ का माहौल है। लोगों का कहना है कि इस तरह से खुलेआम फायरिंग होने से जान का खतरा है। कहीं दो गुटों की लड़ाई के बीच आम लोगों को इसका शिकार ना होना पड़ जाए। स्थानीय लोग क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर का तापमान शून्य से 4 डिग्री नीचे

**श्रीनगर12 जनवरी ।** भीषण शुष्क ठंड से श्रीनगर में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 4 डिग्री सेल्सियस नीचे और जम्मू में 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।जम्मू में शुक्रवार को सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.7 दर्ज किया गया, जबकि गुरुवार को सबसे कम अधिकतम तापमान 8.8 दर्ज किया गया।श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 4, गुलमर्ग में माइनस 3.2 और पहलगाम में माइनस 5.3 रहा।लद्दाख क्षेत्र में, लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 11.2, कारगिल में माइनस 9.2 और द्रास में माइनस 11.5 रहा।

# जमानत रद्द करने की याचिका पर सरकार को लगाया जुर्माना हाईकोर्ट ने अधिकारियों को संवेदनशील बनाने का दिया निर्देश




**चंडीगढ़, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

पंजाब एवम हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कहा कि वह तर्क और न्याय के उद्देश्य मानक को पूरा किए बिना यांत्रिक तरीके से हाई कोर्ट के समक्ष अपील दायर करने से रोकने के लिए अपने अधिकारियों की संवेदनशीलता सुनिश्चित करे। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने एक व्यक्ति को बंधक बनाने के आरोप में दर्ज मामले में पिछले साल जुलाई में रोहतक के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा एक आरोपित को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करने की हरियाणा राज्य की याचिका को खारिज करते हुए 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। रोहतक जिले के कलानौर पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 387 और 120-बी के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पीठ ने कहा कि जमानत खारिज की सरकार की अपील इस आधार पर की गई थी कि प्रतिवादी-अभियुक्त और उसके सहयोगियों के बीच बातचीत के संबंध में डेटा मौजूद नहीं था। फोरेंसिक लैब से तारीख निकालने में समय लगेगा। इस बीच, आरोपी इसी तरह के अन्य अपराध कर सकता है क्योंकि वह पहले पलवल जिले के एक पुलिस स्टेशन में आईपीसी और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक अन्य मामले में शामिल था। याचिकाकर्ता के वकील को सुनने और रिकॉर्ड को देखने के बाद, बेंच ने कहा कि वर्तमान याचिका कमजोर तथ्यो पर दायर की गई थी। जिस अपराध के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी, उसमें सात साल तक की सजा का परविधान था। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में कहा था कि सात साल तक की कैद की सजा वाले अपराधों के लिए आरोपित को हिरासत में लिए बिना जमानत अर्जी पर फैसला किया जा सकता है। आदेश में आवेदन पर निर्णय होने तक अंतरिम जमानत देने को बढ़ावा दिया गया।

पीठ ने कहा कि सरकारी वकील ने स्पष्ट रूप से बिना दिमाग लगाए यांत्रिक तरीके से जमानत रद्द करने के लिए वर्तमान याचिका दायर करने की सिफारिश की है। इस तरह के सनकी और मनमौजी दृष्टिकोण का अवमूल्यन किया जाना आवश्यक था।जमानत रद्द करने के लिए ठोस और भारी परिस्थिति का होना एक अनिवार्य शर्त है, जो मौजूदा मामले में पूरी तरह से गायब है। इस लापरवाह और सरसरी दृष्टिकोण के साथ राज्य ने जमानत रद्द करने का रुख किया है, इसकी सराहना नहीं की जा सकती क्योंकि इसका आरोपित की स्वतंत्रता पर सीधा और गंभीर प्रभाव पड़ता है। बेंच ने आदेश की कॉपी हरियाणा के अभियोग निदेशक को भेजने का भी निर्देश दिया।

## कन्हैयालाल हत्याकांड के गौस और रियाज समेत आठ पर आरोप तय, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये हुई आरोपितों की पेशी

**उदयपुर, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने शुक्रवार को उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड के मामले में आठ आरोपितों के खिलाफ आरोप तय किए हैं। इनमें मुख्य आरोपित गौस मोहम्मद और रियाज अत्तारी शामिल हैं। गौरतलब है कि उदयपुर में 28 जून, 2022 को आरोपितों ने दुकान में घुसकर दर्जी कन्हैयालाल की नृशंस तरीके से हत्या कर दी। दहला देने वाली वारदात का वीडियो बनाया और उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया। शुक्रवार को विशेष अदालत में गौस मोहम्मद तथा रियाज के अलावा मोहम्मद मोहसीन, आसिफ, मोहसिन, वसील अली, मोहम्मद जावेद और मुसलिम मोहम्मद के खिलाफ आरोप तय किए गए। इन सभी को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से पेश किया गया।

एक अन्य आरोपित फरहाद मोहम्मद शेख उर्फ बबला के खिलाफ आ?र्म्स एक्ट में अभियोजन की मंजूरी नहीं मिलने के चलते आरोप तय नहीं हो पाए। आठों के खिलाफ भादंसं की धारा 120 बी, 302, 324 (34), 153ए, 153 बी, 295 ए के अलावा यूएपीए की धारा 16, 18 और 20 के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत भी आरोप तय किए गए। अदालत ने सभी आरोपितों को आगामी 2 फरवरी को अदालत में पेश करने तथा अभियोजन स्वीकृति पेश करने को कहा है। इससे पहले एनआईए की विशेष लोक अभियोजक टीपी शर्मा ने बहस में कहा था कि आरोपितों ने व्हाट्सएप पर समूह बनाकर आपराधिक षड्यंत्र रचा और धर्म के नाम पर कन्हैयालाल दर्जी की हत्या की थी।

## सुरनकोट में हुआ भीषण हादसा, नाले में गिरा तेज रफ्तार टेंपो, 13 यात्री घायल

**पुंछ।** पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के परमोट क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम को एक टेंपो दुर्घटना दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार 13 यात्री घायल हो गए। इनमें से दो की हालत नाजुक को देखते हुए जीएमसी राजौरी रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को टेंपो संख्या जेके14 ए-9642 सुरनकोट से सांगला की तरफ जा रहा था। रास्ते में शाजी मोड़ क्षेत्र के नजदीक एक तीखे मोड़ पर टेंपो चालक से अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 25 फीट नीचे गहरे नाले में जा गिरा। हादसे के बाद वहां चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंच गए और वाहन में सवार सभी 13 यात्रियों को निकाल कर इलाज के लिए उप जिला अस्पताल सुरनकोट पहुंचाया।

## गाजा में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या 24 हजार हुई, इजरायल ने नरसंहार के आरोप को नकारा



**यरूशलम, 13 जनवरी ।**

गाजा में इजरायली सेना की ताजा कार्रवाई में दर्जनों हमास लड़ाकों के मारे जाने की सूचना है। इजरायली सेना ने कहा है कि खान यूनिस में हवाई हमले में हमास के नुखबा फोर्स का कमांडर मारा गया है। यह कमांडर इजरायली शहरों पर सात अक्टूबर को हुए हमले में शामिल था।इन हमलों के साथ शुक्रवार को गाजा में मरने वालों की कुल संख्या 24 हजार तक पहुंच गई जबकि 60 हजार से ज्यादा घायल हुए हैं। गाजा के मध्य और दक्षिण भाग में चल रही इजरायली कार्रवाई में बड़ी संख्या में हमास लड़ाके मारे जा रहे हैं। मेघाजी में इजरायली सैनिकों की कार्रवाई में 20 लड़ाके मारे गए हैं। इनमें तीन लड़ाकों को सैनिकों ने आमने-सामने की लड़ाई में मारा। बुरेज में एक लड़ाके के ड्रोन हमले में मारे जाने की सूचना है। इस बीच नीदरलैंड्स के हेग में स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में इजरायल ने गाजा में नरसंहार के आरोप को नकार दिया है।

कहा है कि वह आत्मरक्षा के लिए वहां पर हमास आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। हमास के ढाल बनाए जाने के कारण वहां पर आमजन मारे जा रहे हैं। न्यायालय में दक्षिण अफ्रीका की याचिका पर सुनवाई चल रही है। इस याचिका में इजरायल पर गाजा में नरसंहार का आरोप लगाया गया है। शुक्रवार को जॉर्डन ने दक्षिण अफ्रीका के आरोप का समर्थन किया।

# दक्षिण कश्मीर में दंपती सहित पांच नशा तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान किया शुरू

**श्रीनगर, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

पुलिस ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर में पति-पत्नी और उनका पुत्र समेत पांच नशा कारोबारियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। चार वाहन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस को अपने तंत्र से पता चला था कि सीर हमदान मट्टन में मोहम्मद रमजान गनई अपनी पत्नी शहजादा अख्तर व पुत्र जुबेर रमजान गनई के साथ मिलकर अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार करता है। वह न सिर्फ अवैध रूप से शराब बेचता है बल्कि चरस, गांजा, अफीम और चूरा पोस्त की तस्करी में भी लिप्त है। तीनों इलाके में प्रतिबंधित नशीली दवाओं को भी अवैध कारोबार चलाते हैं।तीनों आरोपितों के बारे में पता चला था कि उन्होंने अपने घर के भीतर और अपने वाहनों में नशीले पदार्थों को छिपाने की विशेष व्यवस्था की है।

उन्होंने कुछ गुप्त ठिकाने बनाए हैं,जहां अवैध पदार्थों को रखा जाता है। प्रवक्ता ने बताया कि सभी आवश्यक जानकारियां जुटाने के बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज किया और फिर एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मोहम्मद रमजान के घर पर छापा डाला।इस छापे में पुलिस ने 9.27 किलो चरस पाउडर, 867 बोतल अवैध शराब के अलावा एक स्वीफ्ट डिजाइर, एक बलेनो ओर एक केटीएम मोटरसाइकिल समेत तीन वाहन और 13325 रुपये की नकदी बररमद की। प्रवक्ता ने बताया कि अनंतनाग के साथ सटे जिला कुलगाम के अंतर्गत काजीगुंड थाना प्रभारी ने अलस्टाप चौक में एक वाहन (जेके14बी/2024) को तलाशी के लिए रोका।

वाहन में दो युवक आबिद हुसैन पीर निवासी सोफशाली अनंतनाग और सोहेल अहमद वानी निवासी दमहाल अनंतनाग सवार थे। इन दोनों युवकों की तलाशी के दौरान पुलिस ने दल ने पांच ग्राम हेरोइन जेसा नशीला पदार्थबरामद किया। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। उनके वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

## असम एनसीएचएसी में भाजपा ने दर्ज की प्रचंड जीत पीएम मोदी ने दीमा हसाओ के लोगों का जताया आभार



**नईदिल्ली, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

भारतीय जनता पार्टी ने असम के उत्तर कछार पर्वतीय स्वायत्त परिषद में जीत हासिल की है। पार्टी ने 28 में से 25 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस जीत के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं की उनकी कड़ी मेहनत के लिए सराहना करता हूं। पीएम मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के एक्स पोस्ट को शेयर करते हुए इस जीत के लिए दीमा हसाओ के लोगों का आभार भी जताया है। सीएम सरमा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा क जनता ने प्रचंड जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर कछार पर्वतीय स्वायत्त परिषद के चुनाव पीएम मोदी के विकासात्मक एजेंडे पर उनके असीम विश्वास की पुष्टि है।सीएम सरमा ने आगे कहा कि इस खूबसूरत क्षेत्र में करीब 35 प्रतिशत लोग ईसाई समुदाय के हैं। उनका आशीर्वाद सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास की सफलता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने इस चुनाव में जीत के लिए भाजपा कार्यकर्ता को उनकी कड़ी मेहनत के लिए आभार जताया है।मालूम हो कि एनसीएचएसी में 30 सदस्य हैं, जिनमें से 28 निर्वाचित और दो मनोनीत होते हैं। वहीं, 13वीं एनसीएचएसी के लिए मतदान 8 जनवरी को हुआ था और 85.78 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। मतदान दिमा हसाओ जिले के 22 निर्वाचन क्षेत्रों के 231 मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ था।

# चुनाव आयोग का काम अपने हाथ में नहीं ले सकता सुप्रीम कोर्ट, इमरान खान की पार्टी पर सीजेपी का बड़ा बयान

**इस्लामाबाद, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने शुक्रवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग का काम अपने हाथ में नहीं ले सकता। अदालत चुनाव आयोग की ओर पेशावर हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हाई कोर्ट ने आयोग को आदेश दिया है कि वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का चुनाव



चिह्न बल्ला उसे वापस करे। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वकील हामिद खान की दलीलों का जवाब देते हुए मुख्य न्यायमूर्ति ने कहा कि एक संवैधानिक और वैधानिक निकाय के कार्यों के बीच सीमांकन की स्पष्ट रेखा है। अगर वे अपना काम कर रहे हैं, तो हम उनका काम हाथ में नहीं लेंगे।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है। इसके दो कार्य हैं। एक राजनीतिक दलों के मामलों को विनियमित करना, जो एक सतत प्रक्रिया है और दूसरा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना। दरअसल, 22 दिसंबर को चुनाव आयोग ने पीटीआई का चुनाव चिह्न निरस्त कर दिया था। फैसले के विरुद्ध पार्टी 26 दिसंबर को पेशावर हाई कोर्ट चली गई थी।

पेशावर हाई कोर्ट ने बुधवार को बड़ी राहत देते हुए चुनाव आयोग को पार्टी का चुनाव चिह्न बल्ला उसे वापस करने का आदेश दिया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश इजाज उल अहसान ने त्यागपत्र दे दिया है, जिसे राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने स्वीकार कर लिया है। वह शीर्ष अदालत में तीसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश थे।

## कांग्रेस नेता कर्ण सिंह ने दी पार्टी को नसीहत, बोले- कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या जाने में नहीं होनी चाहिए झिझक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने शुक्रवार को कहा कि विवादित ढांचे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर होने वाले समारोह में शामिल होने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सुंदर निमंत्रण मिला है। लेकिन वह चिकित्सा कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि यह उत्सव दुनियाभर में लगभग एक अरब हिंदुओं द्वारा मनाया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने एक बयान में कहा कि एक रघुवंशी के रूप में इस समारोह में शामिल होना बहुत खुशी की बात होती। अफसोस की बात है कि 93 साल की उम्र के करीब मेरे लिए चिकित्सा आधार पर ऐसा करना संभव नहीं होगा।उन्होंने यह भी बताया कि मंदिर निर्माण के लिए उन्होंने 11 लाख रुपये का छोटा-सा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारा परिवार धर्मार्थ ट्रस्ट (जम्मू-कश्मीर) इस अवसर पर जम्मू में हमारे प्रसिद्ध श्रीरघुनाथ मंदिर में एक विशेष उत्सव का आयोजन कर रहा है। हम लोधी रोड पर अपने श्रीराम मंदिर में भी छोटे पैमाने पर ऐसा कर रहे हैं।

# जरूरी खबर! थानों में कर सकेंगे ऑनलाइन शिकायत, दर्ज होगी ई-प्राथमिकी

**पटना, 13 जनवरी [एजेंसी]।**

बिहार के थानों में जल्द ही आनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इन आनलाइन शिकायतों की पड़ताल के बाद ई-सनहा और ई-प्राथमिकी भी दर्ज होगी। खासकर मोबाइल, वाहन चोरी या दस्तावेज गुम होने के मामले में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पहली बार राज्य में इस तरह की व्यवस्था होने जा रही है। इसके लिए क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग एंड नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) पर सिटीजन सेवा का अलग से लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। पुलिस मुख्यालय के एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एडीजी ने बताया कि डीजीपी ने मिशन जनसेवा के अंतर्गत नौ तरह की पुलिस सेवाएं आनलाइन व वाट्सएप के जरिए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।इसके तहत चरित्र प्रमाण पत्र, पासपोर्ट सत्यापन, लाइसेंस सत्यापन, किराएदार सत्यापन के साथ अपार्टमेंट, व्यवसाय आदि के लिए गार्ड आदि का सत्यापन आनलाइन ही कराया जा सकेगा। आनलाइन सेवा का दुरुपयोग न हो इसलिए आवेदक या शिकायतकर्ता का सत्यापन भी किया जाएगा। इसके लिए आधार या ओटीपी की मदद लेने पर विचार किया जा रहा है। मिशन




के सभी लक्ष्यों को इस साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। मिशन जनसेवा के तहत डायल-112 की मदद से लेकर फरियादों की शिकायत सुनने तक की समयसीमा तय होगी। शहर से गांव तक कहीं भी डायल-112 की मदद 20 मिनट के अंदर पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके लिए जल्द ही डायल-112 का दूसरा चरण लांच किया जाएगा। इसी तरह थाने या किसी भी पुलिस कार्यालय जाने वाले फरियादियों की शिकायत 30 मिनट के अंदर मिलकर सुनने का निद्रेश दिया गया है।

मिशन जनसेवा के अंतर्गत पुलिस को परिवाद की जांच 30 दिनों में करनी होगी। वादी के द्वारा रिपोर्ट मांगने पर उसे रिपोर्ट की प्रति भी उपलब्ध कराई जाएगी। केस की अपडेट जानकारी भी देनी होगी। वादी को प्राथमिकी और सनहा की प्रति भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी।एडीजी गंगवार ने बताया कि नागरिक केंद्रित पुलिसिंग के तहत गांव और मोहल्ला स्तर पर वाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। इससे लोगों तक सही सूचनाएं पहुंचाने में तो मदद मिलेगी ही, जनता से जरूरी इनपुट और जानकारी भी ली जा सकेगी। इसके अलावा अब सभी जिलों के एसपी सप्ताह में दो दिन फेसबुक लाइव और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जनसंवाद करेंगे। पायलट प्रोजेक्ट के तहत सबसे पहले पांच जिलों पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर और गया में इसे शुरू किया गया था। अब इसे सभी जिलों में लागू किया जा रहा है। सप्ताह के शेष दिन आफलाइन शिकायत सुनी जाएंगी।

# ठंड में ज्यादा पानी पीना बिगाड़ सकता है सेहत

## कितना और किस तरीके से पिएं पानी

जिन लोगों को हार्ट और पेट से जुड़ी गंभीर बीमारी है उन्हें ठंड में ज्यादा पानी पीने से बचना चाहिए. गर्मी के मुकाबले में ठंड में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है. ठंड में ज्यादा पानी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. जानिए ठंड में हार्ट मरीज के लोगों को कब और कितना पानी पीना चाहिए. कोरोना महामारी के बाद से ही पूरी दुनिया में हार्ट अटैक और स्ट्रोक से मरने वाली लोगों की संख्या बढ़ी है. सर्दियों के मौसम में हार्ट की बीमारी वाले लोगों के लिए परेशानी बढ़ जाती है. गर्मी या बाकी मौसम के मुकाबले सर्दी में हार्ट अटैक का खतरा काफी गुना बढ़ जाता है.इसकी खास वजह यह है कि ठंड में हार्ट को ब्लड पंप करने के लिए ज्यादा जोड़ पड़ता है. सर्दियों में शरीर की नसें सिकुडने लगती है. ऐसे में शरीर को गर्म करने के लिए हार्ट को तेजी से पंप करना पड़ता है. जिसके कारण दिल के मरीजों की परेशानी काफी बढ़ जाती है. ठंड के दिनों में ज्यादा पानी पीना आपको मुश्किल में डाल सकता है.

ठंड में हार्ट के मरीज के लिए पानी ज्यादा पीना नुकसानदायक है

कोरोना महामारी के बाद से दुनिया भर के लोगों को तेजी से हार्ट अटैक पड़ रहा है. सर्दी के मौसम में हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है. ठंड के मौसम में इसके मामले कई गुना बढ़ जाते हैं. इसलिए थोड़ा पानी पीने से पहले सोचना समझना चाहिए.





सर्दियों में ज्यादा पानी पीना हार्ट के लिए है खतरनाक

सर्दियों में कुछ लोग सुबह खाली पेट उठते ही 3-4 ग्लास पानी पी लेते हैं. अगर हार्ट के मरीज ऐसा कुछ करते हैं तो उन्हें काफी ज्यादा नुकसान हो सकता है. ऐसे में ब्लड में शुगर लेवल भी कम हो सकता है. ऐसे में शरीर का ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम इसे नॉर्मल करने का काम करता है. जब कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा लिक्विड डाइट लेते हैं तो हार्ट को पंप करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है.

खाली पेट न पिएं पानी खासकर हार्ट के मरीज- हार्ट के मरीज खाली पेट पानी न पिएं. इससे आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है. क्योंकि ठंडा पानी नसों को और सख्त बना देती है . जिससे दिल को शरीर में ब्लड सप्लाई करने के लिए मेहनत करनी पड़ती है. ऐसे में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है. खाली पेट पानी पीना है तो गुनगुना पानी पिएं. ठंडा पानी न पिएं वह हार्ट की नसों को सिकुड़ सकती है.



### ऋषभ शेट्टी की कांतारा : चैप्टर 1 पंजुरली दैवा, गुलिगा दैवा देवताओं का बताएगी इतिहास

एक्टर-फिल्म निर्माता ऋषभ शेट्टी स्टारर कांतारा = चैप्टर 1 पंजुरली दैवा, गुलिगा दैवा देवताओं के इतिहास का वर्णन करेगा।

अनाउंसमेंट वीडियो जारी होने के बाद से फिल्म की कहानी और ऋषभ शेट्टी के किरदार को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। फिल्म से रोमांचक विवरण का खुलासा करते हुए एक सूत्र ने कहा, फिल्म प्राचीन काल से प्रेरणा लेती है और पंजुरली दैवा और गुलिगा दैवा देवताओं की उत्पत्ति के बारे में कहानी बताती है। उनकी उत्पत्ति पर भी प्रकाश डालती है। सूत्र ने आगे कहा- कांतारा ने पंजुरली दैवा के बारे में जानकारी दी। प्रीक्वल दर्शकों को पंजुरली दैवा और गुलिगा दैवा दिव्यताओं के समावेश के साथ एक अनूठा सिनेमाई अनुभव देगा। इस बीच, होम्बले फिल्म्स के पास एक दिलचस्प लाइन-अप है जिसमें बघीरा और कई अन्य शामिल हैं।

### 2024 में कई किरदारों के साथ एक्सेपरिमेंट करूँगा : आयुष्मान खुराना



बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने कहा कि वह कई शैलियों के साथ एक्सपेरिमेंट करेंगे और 2024 में अपने दर्शकों के लिए थियेट्रिकल हीरो के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करेंगे।

आयुष्मान ने कहा, मैं 2024 में कई शैलियों के साथ एक्सेपरिमेंट करने जा रहा हूं। मेरी फिल्मों की सूची हमेशा की तरह बेहद विविध होगी और यह पूरी तरह से दर्शकों को गुणवत्तापूर्ण थियेट्रिकल अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित होगी। मैं वर्तमान में कुछ दिलचस्प फिल्में लॉक कर रहा हूं, जिन्हें लोग सिनेमाघरों में पूरे परिवार के साथ देखना पसंद करेंगे। उन्होंने आगे कहा, एक एंटरटेनर के रूप में कम्युनिटी को बेहतर एक्सपीरियंस प्रदान करना हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है। मेरी फिल्मों का अगला सेट एक दर्शक के रूप में मेरी थियेट्रिकल कंटेंट की पसंद को रिफ्लेक्ट करेगा। मैंने हमेशा उन मूवीज को ध्यान में रखते हुए अपनी फिल्में चुनी हैं जिन्हें मैं सिनेमाघरों में देखना पसंद करूंगा। आयुष्मान के पास पहले से ही कई प्रोजेक्ट हैं लेकिन उन्होंने विस्तार से जानकारी नहीं दी है क्योंकि इन फिल्मों की घोषणा व्यक्तिगत रूप से करने की योजना है। उन्होंने कहा, 2024 में मैं और भी अधिक अपने मन की बात सुनूंगा। मैं आप सभी के साथ अपनी लाइनअप साझा करने के लिए रोमांचित हूं और इसका खुलासा उचित समय पर किया जाएगा क्योंकि इनमें से प्रत्येक फिल्म एक बड़ी घोषणा की हकदार है।

## कृति ने महेश बाबू के साथ तस्वीर साझा की, तेलुगु डेब्यू 1 : नेनो डीने के 10 साल पूरे होने का मनाया जश्न



एक्ट्रेस कृति सेनन, जिन्हें अब से पहले गणपत = ए हीरो इज बॉर्न में देखा गया था, ने साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में एक दशक पूरा कर लिया है।

उनकी फिल्म 1 = नेनोक्कडीने ने बुधवार को अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए।

1 = नेनोक्कडीने में कृति ने तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू के साथ एक्टिंग की थी।

एक्ट्रेस हाल ही में महेश बाबू से मिलीं, जिससे उनके पिछली पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फैंस पर अमिट छाप छोड़ी, और रियूनियन ने दोनों अभिनेताओं और उनके फैंस के बीच इमोशन्स को जगाया है। मिटिंग में कृति के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया गया।

एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर अपनी मुलाकात की तस्वीर साझा की। उन्होंने तस्वीर पर लिखा, मेरी पहली फिल्म को 10 साल हो गए हैं। मेरे पहले को-स्टार महेश बाबू के साथ मेरी पहली तेलुगु फिल्म!! मेरे दिल में इतनी सारी यादें और इतना आभार! कई सालों के बाद आपसे दोबारा मिलना कितना प्यारा और शानदार अनुभव है! बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन, यह अभी भी वैसा ही है।

उन्होंने महेश और उनकी पत्नी के साथ एक और तस्वीर अपलोड की और लिखा- 1 = नेनोक्कडीने के 10 साल पूरे होने पर मुबारक! विश्वास नहीं हो रहा कि एक दशक हो गया! वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति के पास शाहिद कपूर के साथ एक अनटाइटल फिल्म है, जिसकी घोषणा वह बुधवार को करेंगी। उनके पास पाइपलाइन में द क्रू भी है, जिसमें वह करीना कपूर और तब्बू के साथ नजर आएंगी और उनके प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म दो पत्ती भी है।

### अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ईद पर बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के लिए तैयार

एक्शन हीरो अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अपनी अपकमिंग फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने ईद तक उल्टी गिनती शुरू कर दी है।

अक्षय और टाइगर ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नई तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों आर्मी ग्रीन टी-शर्ट के साथ कैमोफ्लाज पैंट पहने हुए एक हेलिकॉप्टर के सामने पोज देते हुए दिखे। कैप्शन के लिए उन्होंने लिखा- बड़े और छोटे से मिलने का समय हो गया है और कम... बस 3 महीने। बड़े मियां छोटे मियां पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स द्वारा निर्मित और ब्लॉकबस्टर निर्देशक अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित है। फिल्म, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, अपने विपरीत व्यक्तित्व और मनमौजी तरीकों वाले दो व्यक्तियों के बारे में है, बड़े मियां और छोटे मियां को अपने मतभेदों को दूर करने और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए एक साथ काम करना होगा।



## अंकिता लोखंडे के सपोर्ट में बोलीं कंगना रनौत, उम्मीद है कि मेरी दोस्त जीतेगी, लेकिन अपनी शादी की कीमत पर नहीं



कंगना रनौत अपनी मणिकर्णिका , द क्वीन ऑफ झांसी की को-स्टार अंकिता लोखंडे, जो बिग बॉस 17 की कंटेस्टेंट हैं, के सपोर्ट में सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया झूठी कहानी बनाकर उनके परिवार को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहा है।

कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अंकिता की सास के इंटरव्यू का एक वीडियो शेयर किया, जहां वह इस बारे में बात करती नजर आ रही हैं कि उन्हें ट्रॉफी क्यों जीतनी चाहिए। एक्ट्रेस ने लिखा, मीडिया उनके परिवार को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहा है। वो आपको यह नहीं दिखाएंगे कि कैसे अंकिता लोखंडे की सासू मां उन्हें सपोर्ट कर रही हैं। आखिर में वह जिस तरह हंसती हैं, हा हा हा... वो मुझे पसंद आया। कितनी क्यूट हैं आंटी। रियलिटी शोज आते और जाते हैं, लेकिन परिवार तो हमेशा के लिए होता है। मुझे उम्मीद है कि मेरी दोस्त अंकिता लोखंडे जीतेंगी, लेकिन अपनी शादी की कीमत पर नहीं। बिग बॉस 17 के घर में अंकिता और उनके पति को अक्सर झगड़ते और लड़ते देखा गया है। ये जोड़ी तलाक के बारे में भी बात करती नजर आई।

### हनुमान के निर्देशक प्रशांत वर्मा बोले, ग्लोबल होने के लिए पहले लोकल होने की जरूरत है



निर्देशक प्रशांत वर्मा, जो अपनी आने वाली सुपरहीरो फिल्म हनुमान की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, ने कहा है कि किसी कहानी की वैश्विक अपील के लिए यह जरूरी है कि वह अपनी संस्कृति में निहित हो और वहां के लोगों के जीवन को पर्दे पर उतारे। निर्देशक ने फिल्म के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर मीडिया से बात की, जिसमें तेलुगू सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने भी युवा फिल्म निर्माता और उनकी रचना का समर्थन किया। प्रशांत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ग्लोबल ऑडियंस पहले ही मार्वल और डीसी के सुपरहीरो देख चुकी हैं। ग्लोबल ऑडियंस के बीच एक नया सुपरहीरो लाने के लिए, आपको ग्लोबल होने के लिए लोकल होने की जरूरी है। निर्देशक ने आगे कहा, आरआरआर की सफलता इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आरआरआर के निर्माताओं ने एक ऐसी कहानी बुनी जो संस्कृति में निहित थी। उन्होंने छोटी-छोटी चीजों, लैंग्वेज, कॉस्टयूम, लैंडस्केप आदि पर ध्यान दिया और रिजल्ट सबके सामने है। उन्होंने कहा, अपनी कहानियों को ग्लोबल ऑडियंस तक ले जाने के लिए आपको जड़ों से जुड़े होने की जरूरत है, उन्हें जेम्स बॉन्ड जैसी शैली की कहानी बताने से उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि उनके पास पहले से ही वो फिल्में हैं। हनुमान 12 जनवरी को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।

## किचन की होने वाली चिक-चिक से हैं परेशान?

किचन में काम करने के दौरान हमें कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. लेकिन आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे, जिसे अपनाकर आप चिक-चिक से छूटकारा पा सकते हैं.आइए जानते हैं कैसें?



जला हुआ खाना-कई बार ऐसा होता है कि हम खाने बना रहे हैं और वो नीचे से जल जाता है. तो अगर खाना बनाते समय बर्तन जलने लगे तो खाना दूसरे बर्तन में डाल देना चाहिए. ऐसा करने से जलने की बदबू खाने में नहीं आएंगी और बर्तन भी नहीं जलेगा. नमक ज्यादा हुआ तो करें ये काम- कभी-कभी आप से भी सब्जी और किसी और चींज में नमक ज्यादा हो जाता होगा. अगर अब किसी चींज में नमक ज्यादा हो जाएं तो उसमें दही, नारियल पेस्ट या फिर ब्रेड डालकर पानी मिला दें. अगर आप दही नहीं खाते हैं तो आप इसमें नींबू का रस या घी भी मिला सकते हैं ऐसा करने से सब्जी का नमक कम हो जाएगा और स्वाद भी और अच्छा हो जाएगा.

मिर्च ज्यादा हो जाएं तो क्या करें
नमक के साथ-साथ कई बार खाने में मिर्च में ज्यादा हो जाती है. अगर अब कभी मिर्ची ज्यादा हो जाएं तो उसमें क्रीम या मावा का पेस्ट मिला दें ऐसा करने से सब्जी से मिर्ची कम हो जाती है. ऐसा करने में आपको समय भी कम लगेगा. मिर्च खराब होने से बचाएं- कभी कभी आपने देखा होगा कि मिर्च जल्दी खराब हो जाती है. अगर आपको भी मिर्च को सूखने से बचाना है तो आप उसका डंठल को हटाकर सूखी जगह पर रख दो. चुकंदर छीलने की ट्रिक्स- किचन में चुकंदर छीलना भी एक बड़ा काम है. इसके लिए सबसे पहले चुकंदर को धोकर साफ कर लें. फिर छोटे चम्मच की मदद से चुकंदर को खुरचें. आप देखेंगे कि चुकंदर बिल्कुल साफ हो जाएगा.

### जैस्मीन भसीन ने वॉर्निंग 2 के लिए पहली बार पंजाबी में किया डब

एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन वॉर्निंग 2 के लिए तैयारी कर रही हैं और उन्होंने पहली बार खुद पंजाबी में डब किया है। इस बारे में बात करते हुए जैस्मीन ने कहा, इससे पहले हनीमून में किसी और ने मेरे लिए डब किया था, इस बार मैं यह करना चाहती थी। सौभाग्य से, मैंने पूरी फिल्म में डब किया है। मैं पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में और अधिक प्रस्तावों की तलाश में हूं, इसलिए मैं अपनी बोली जाने वाली पंजाबी स्किल पर भी काम कर रही हूं। लेकिन, वार्निंग 2 के लिए डबिंग का यह एक्सपीरियंस बहुत अछा था। ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म में जैस्मीन एक दिलचस्प अवतार में नजर आएंगी, लेकिन, उनकी भूमिका के बारे में अधिक जानकारी गुप्त रखी गई है। वॉर्निंग 2 दो फरवरी को रिलीज होने वाली है।




### शब्द सामर्थ्य -302

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सील, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वावलंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 301 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| पो | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# जुआ अड्डे पर छापा, जुआरियों से 15 हजार रुपए नगद जब्त

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली अंतर्गत रुपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। जुआरियों के पास से लगभग 15690 रूपये और 52 पत्ती ताश की गड्डी जप्त की गई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक एमसीबी सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ए टोप्पो के द्वारा लगातार जुआ, सट्टा, अवैध शराब, मादक पदार्थ पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया है। इसी के परिपालन में 11 जनवरी 2024 को मुखबिर से सूचना मिली की आमाखेरवा बिजली आफिस के पास कुछ लोग 52 पत्ती के ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे है। मुखबिर की सूचना के बाद तत्काल सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ पुलिस टीम द्वारा आमाखेरवा बिजली आफिस के पास जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जिसमे जुआरी आलोक केंवट पिता स्व. नर्बद प्रसाद केंवट उम्र 41 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड के पास मनेन्द्रगढ़, कमलेश देवांगन पिता स्व. सुदन देवांगन उम्र 39 वर्ष निवासी मौहारपारा थाना मनेन्द्रगढ़, दीपक कुमार गुप्ता पिता गणेश गुप्ता उम्र 36 वर्ष निवासी रापाखेरवा थाना मनेन्द्रगढ़, गुडडू जायसवाल पिता आर. पी. जायसवाल उम्र 35 वर्ष निवासी बस स्टैण्ड के पास मनेन्द्रगढ़, रवि कुमार पिता गोविन्द प्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 3 मौहारपारा थाना मनेन्द्रगढ़, शंकर सेन पिता अगनू राम सेन उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 17 सर्कस ग्राउण्ड के पास मनेन्द्रगढ, रोहित पनघरे पिता सुरेन्द्र प्रसाद पनघरे उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 09 पेण्ड्रा दफाई मनेन्द्रगढ़, एम.डी. लौकिर पिता मो. इखबाल उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 12 नर्सिंग होम के पीछे मनेन्द्रगढ़ और दीपक केंवट पिता सीताराम केंवट उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 15 आमाखेरवा मनेन्द्रगढ सभी निवासी मनेन्द्रगढ़ के पास से नगदी रकम 15690 रूपये, 52 पत्ती ताश की गड्डी एवं पुराना अखबार पेपर मिला। आरोपियों के विरूद्व धारा छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 की कार्यवाही कर गिरफ्तार कर लिया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कौशिक, प्रधान आरक्षक शम्भू यादव, सुरसेन तिर्की, आरक्षक रवि सिंह, विजय यादव, कृष्णा दास, सुरेन्द्र सिंह एवं सैनिक विनित सोनी का सराहनीय योगदान रहा।




# अयोध्या राम मंदिर के निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे लोकसभा क्षेत्र में निकाली राम रथ यात्रा



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्राचीनप्रेमाबाग मंदिर प्रांगण से रामरथ यात्रा निकल गई यह रथ यात्रा पूरे कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण के लिए भेजा गया। यह राम रथ पूरे कोरबा लोकसभा क्षेत्र तथा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा में भम्रण करेगा और प्रभु श्री राम का गुणगान गाएगा।

आपको बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर काफी प्रतीक्षा के बाद बन कर तैयार हो रहा है तथा प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक पल को हर कोई साक्षी बनना चाह रहा है। जिसकी खुशी पूरे देश में देखने को मिल रही है सारा देश अपने-अपने अंदाज में प्रभु श्री राम के आगमन की खुशी मनाने के लिए तैयार है इसी तारतम्य में कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के डॉक्टर राकेश शर्मा फैंस क्लब द्वारा प्रेम बाग स्थित शिव मंदिर प्रांगण से प्रभु श्री राम जी की रथ को पूरे कोरबा लोकसभा में भ्रमण के लिए रवाना किया। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ राकेश शर्मा सहित कई राम भक्त मौजूद रहे। साथहीभारतीय जनता पार्टी जिलाउपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे डॉ रजनी शर्मा अनिल शर्मा आशीष शुक्ला ओमकार पांडे संजय जयसवाल घनश्याम साहू पन्नालाल गोयल ममता गोयल सुधा सिंह ध्रुव जायसवाल सहित भारी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे। निश्चित तौर पर आज पूरा देश प्रभु श्री राम के इस प्राण प्रतिष्ठा में अपना योगदान देने के लिए आतुर है डॉक्टर शर्मा के द्वारा किया गया यह प्रयास पूरे लोकसभा क्षेत्र कोरबा सहित समस्त विधानसभा क्षेत्र में अलग जगाने का काम करेगा जो एक सराहनीय प्रयास है।

# सत्संग, आध्यात्म और योग को अपनाकर संवारा जा सकता है जीवन, कहा जायसवान ने

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत स्वाभिमान न्यास कोरिया और पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से संबद्ध और परम पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज के निर्देशानुसार उनके परम शिष्य मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉ परमार्थ देव महाराज का शुभागमन हमारे कोरिया जिले में हो रहा है। जिसका आयोजन स्थल देवराहा बाबा परिसर प्रेमाबाग बैकुंठपुर सुनिश्चित किया गया है। जिसमे 14 जनवरी को सुबह 6 बजे से 7.30 तक संभाग स्तरीय इंटीग्रेटेड योग शिविर आयोजित किया जाएगा। उसी दिवस प्रात: 8 बजे से प्रधानमंत्री के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के तहत सभी मंदिरों और पूजा स्थलों में स्वच्छता सप्ताह मनाया जायेगा और सभी मंदिरों पूजा स्थलों में साफ सफाई की जाएगी। तीसरी पाली में 14 तारीख मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मध्यान्ह 11 बजे देवराहा बाबा परिसर में हरिद्वार से पधारे पूज्यनीय स्वामी जी का उद्बोधन और विशिष्ट जनों से चर्चा तथा कार्यकर्ता सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित होगा। तत्पश्चात 14 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 2 बजे भोजन,प्रसाद पश्चात स्वामी जी का प्रस्थान निर्धारित किया गया है। जिस कार्यक्रम में भाजपा कोरिया जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने जिले के समस्त सम्माननीय नागरिक बंधुओं बहनों और भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए आग्रह किया है की सत्संग,योग,आध्यात्म से स्वस्थ समृद्ध जीवन और सनातन परंपरा का अलख जगाते हुए अगली पीढ़ी को स्वस्थ सुखमय जीवन सहित सनातन संस्कार के लिए प्रेरणा के सहभागी बनें। और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आप सभी अपनी उपस्थिति देकर हरिद्वार से पधारे स्वामी जी महाराज के सानिध्य प्राप्त करें।



# दानी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं को मिली बड़ी सौगात

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब परिसर से लगे जे. आर. दानी स्कूल की छात्राओं को युवा दिवस का बड़ी सौगात मिली है। पुरानी बस्ती और सुदंर नगर की ओर से स्कूल आने वाली छात्राओं को अब बूढ़ा तालाब से लगे गेट से शाला में प्रवेश करने की सुविधा मिली है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्वयं बूढ़ा तालाब की ओर के गेट का ताला खोलकर छात्राओं को युवा दिवस का उपहार दिया है। दानी स्कूल की छात्राओं द्वारा लम्बे समय से स्कूल से बूढ़ा तालाब की तरफ रास्ते को खोलने की मांग की जा रही थी। गेट का ताला खुलते ही छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

# युवा दिवस पर प्रेक्षागृह में आयोजन, आदर्शों पर हुई चर्चा

**कोरिया बैकुंठपुर।** आज राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर जिला पंचायत ऑडिटोरियम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज व स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के छात्र छात्राओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। कार्यक्रम के दौरान बैकुंठपुर क्षेत्र के विधायक भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगरपालिका अध्यक्ष नमिता शिवहरे सहित जनप्रतिनिधिगण तथा स्कूल और कॉलेज छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बता दें कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद की जन्मतिथि पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नासिक में 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। इस महोत्सव में युवाओं द्वारा सांस्कृतिक एवं लोक नृत्य का प्रदर्शन हुआ।

उद्बोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को स्वतंत्रता के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। भारत सरकार ने युवा उत्थान हेतु आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना, कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी कई जनकल्याणकारी योजना की शुरुआत की थी जिससे लाखों युवा लाभान्वित हुएं है और सक्षम युवा-समर्थ भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन के दौरान युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा ही हमारे देश का भविष्य हैं जिनके लिए भारत सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का गठन किया है और निरंतर शिक्षा की क्षेत्र में आधुनिकरण हो रहा है। जिले में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल की छात्रा दिशा लकड़ा ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुन उन्हे आभार व्यक्त किया और कहा की स्वामी विवेकानंद जी से यह सिख मिलती है की चाहे कितनी भी कठिनाई और संकट आए हम निरंतर प्रयास कर आगे बढ़ना चाहिए।



# मोटरसाइकिल सवार से एक किलो गांजा जब्त

**बिश्रामपुर।** जयनगर पुलिस ने नयनपुर प्राइमरी स्कूल के पास गांजा बेचने की फिराक में खड़े मोटरसाइकिल सवार युवक को एक किलो गांजा के साथ धरदबोचा। पुलिस ने गांजा समेत मामले में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपित युवक के विरुद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की। मुखबिर ने जयनगर पुलिस को सूचना दी की नयनपुर प्राइमरी स्कूल के समीप काले रंग की मोटरसाइकिल में दो युवक गांजा बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर जयनगर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर नारायणपुर प्राइमरी स्कूल के समीप मोटर साइकिल सवार एक युवक को हिरासत में लेकर उसके पिट्ठू बैग की तलाशी ली। उसके कब्जे से एक किलो प्रतिबंधित गांजा व हौंडा मोटरसाइकिल बरामद की। उसने बताया कि वह एक अन्य युवक के साथ गांजा बेचने आया था। पुलिस की भनक पाकर एक युवक भाग निकला था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। जयनगर पुलिस ने आरोपित हरिचरन पिता नारायण प्रसाद राजवाडे निवासी ग्राम कुरुवां थाना बिश्रामपुर के विरुद्ध धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी की। इस कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी समेत सहायक उप निरीक्षक महिपाल सिंह, प्रवीण सिंह राठौर सक्रिय रहे।

# खाद्य अधिकारी ने शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को दिया प्रशिक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेकंट के निर्देशानुसार गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर के द्वारा ब्लॉक एवं जिला स्तरीय उचित मूल्य की दुकान संचालकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में श्री ठाकुर ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत ई-पॉस के माध्यम से सुचारू रूप से खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिला या ब्लॉक स्तर पर टैक्टिकल सपोर्ट टीम द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों का प्रशिक्षण जनवरी 2024 में आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित जिले के सहायक प्रोग्रामर, वेण्डर के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, इंजीनियर्स एवं खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी शामिल हुये। यह प्रशिक्षण निम्न बिंदुओं पर केंद्रित है। उचित मूल्य दुकान के प्रारंभिक स्कंध एवं अंतिम स्कंध में सुधार की मूलभूत जानकारी दर्ज की जाये। ई-पॉस एवं तौल मशीन की मूलभूत जानकारी दर्ज की जाये। ट्रक चालान की प्राप्ति के विषय में पूर्ण जानकारी, ट्रक चालान प्राप्ति की समस्त प्रक्रिया, ट्रक चालान प्राप्ति के यूनिट, एनएफएसए एवं सीजीएफएसए राशनकार्डों की वितरण की पूर्ण प्रकिया के बारे में जानकारी दी गयी। तौल मशीन से जुड़ाव एवं उपयोग की पूरी जानकारी के साथ ही ब्लूटूथ माध्यम तथा यूएसबी माध्यम से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन वितरण की समस्त महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। वितरण डाटा डाउनलोड करने का प्रक्रिया एवं समय सीमा, वितरण डाटा अपलोड करने का प्रकिया एवं समय सीमा ई-पॉस एवं तौल मशीन के रखरखाव की पूर्ण जानकारी, उचित मूल्य दुकान वितरण के द्बश्चशह्य.ष्द्द.द्द्श1.द्बठ्ठ पोर्टल रिपोर्ट की जानकारी के बारे में बताया गया। उचित मूल्य दुकान से संबंधित सामान्य समस्याएं को अवगत कराया गया।

# बालमपुर में संचालित अवैध डामर प्लांट सील

**बतौली।** बतौली क्षेत्र के बालमपुर में पिछले कई वर्षों से संचालित अवैध डामर प्लांट को सील कर दिया गया है। मौके पर वैध दस्तावेज मांगे गए थे, लेकिन किसी भी प्रकार का दस्तावेज राजस्व विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया है। स्थल पर 150 हाइवा गिट्टी भी पाया गया है। राजस्व विभाग के अनुसार बालमपुर में लगभग तीन वर्षों से डामर प्लांट का संचालन कराया जा रहा था । पर्यावरण ,उद्योग और भूमि संबंधी किसी भी प्रकार का दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध नहीं कराया गया। मौके पर 150 हाईवा लोड गिट्टी भी पाया गया है। ग्रामीणों द्वारा जमीन विवाद के संबंध में भी प्रशासन को जानकारी दी जा रही थी। सरगुजा कलेक्टर संदीपन और अनुविभागीय अधिकारी रवि राही के निर्देश पर राजस्व विभाग बतौली ने कार्रवाई की है । कार्रवाई के दौरान संजय सारथी नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक धर्मेंद्र दुबे और शिवपूजन तिवारी व पटवारी अरविंद पैंकरा, सुमन साय और सरपंच बलरामपुर विद्याधर सिंह उपस्थित थे। नई सरकार बनने के बाद प्रशासन ने बगैर नियम कानून के संचालित संस्थानों पर कार्रवाई तेज कर दी है।

# नशामुक्त समाज की अवधारणा पर किया फोकस



**कोरिया बैकुंठपुर।** गत 12 जनवरी को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस एवं तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देशन में मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र में विद्यालय के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता एवं शालेय परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात छात्राओं आरजू बानो, ममता राजवाड़े, अनुजा, आकांक्षा, अनन्या सिंह, अर्चना सिंह एवं प्रीति कुजूर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला एवं तंबाखू नियंत्रण के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए । इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपने विचार प्रकट किये। जिसमें सर्वप्रथम श्रीमती जिज्ञासा दुबे ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हमें अपने जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए तथा तंबाकू के सेवन व निर्माण कार्य में पूर्ण प्रतिबंध होने की बात कही। इसके बाद संजय यादव ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने पर जोर डाला।तत्पश्चात श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को सदैव नशा से दूर रहने एवं सच्चाई से अपने लक्ष्य तक पहुंचने पर जोर दिया। इसके पश्चात श्रीमती पुष्पा सिंह ने छात्रों को कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त करने के मंत्र दिए एवं तंबाकू निषेध पर सरकार को कार्यवाही करने की बात कही। इसके पश्चात श्रीमती चंपा सिंह ने अपने उद्बोधन में युवाओं को नशा से दूर रहने के लिए आग्रह किया तथा राष्ट्रीय युवा दिवस में युवाओं की भूमिका बताते हुए कहा कि प्रत्येक युवा सकारात्मक सोच के साथ अपने स्वयं का विकास करते हुए देश का विकास करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनमोल वचनों को अपने जीवन में अनुकरण करते हुए प्रत्येक युवा अपने जीवन को बेहतर एवं सार्थक बना सकते हैं। एवं तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों के सेवन से समाज को बचाने का आह्वान किया। तथा अंत सभी छात्राओं को तंबाकू नियंत्रण की शपथ दिलाई । इस कार्यक्रम में श्रीमती सी सिंह, पी सिंह, सुमन गुप्ता, ए शर्मा, के सोनवानी, एम जायसवाल, के शिवहरे, जे दुबे, एस श्रीवास्तव,आर जगत, अनुराधा सोनपाकर, फागुनी बाई, अल्फा बारवा ,स्वीटी मिश्रा, एस मेरी, एन एल सोनी, एस बानो, पी त्रिवेदी अनुश्री देव, आर देवांगन, पांडे, संजय यादव, सोमेश कौशिक, ए चंदेल, सपना दुबे, अंशी जायसवाल का सराहनी योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एन के दिवाकर एवं विपिन मिश्रा के द्वारा किया गया।

*__रायपुर।__ गेवरा नहर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

# सूने आवास का ताला तोड़ आठ लाख के जेवरात की चोरी

**बिश्रामपुर।** बुधवार की शाम को अज्ञात चोरों ने नगर के एसईसीएल वन सी कालोनी स्थित महिला बाल विकास विभाग के लेखापाल के सूने आवास का ताला तोड़कर आठ लाख रुपये से अधिक लागत के जेवरातों की चोरी कर ली। पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। कालोनी में घटित चोरी की वारदात से सनसनी फैल गई है। बता दें कि महिला बाल विकास विभाग के लेखापाल वरुण सैंदाने नगर में पुष्प वाटिका के समीप एसईसीएल की वनसी कालोनी के क्वार्टर नंबर दस में सपरिवार रहते है। पिछले दो माह से उनका परिवार महाराष्ट्र गया हुआ है। फिलहाल वे आवास में अकेले रहते है। बुधवार को वे शाम छह बजे अपने आवास में ताला लगाकर अंबिकापुर गए थे। आवास की चाबी वे बस स्टैंड स्थित अपने मित्र की दुकान चौरसिया स्टोर में छोड़ गए थे। शाम साढ़े छह बजे उनका मित्र सूर्यप्रकाश उनके आवास की लाइट जलाने के बाद मार्केट आ गया था। रात करीब साढ़े आठ बजे वापस जाने पर उसने देखा कि आवास के पीछे और अंदर अलमारी का दरवाजा टूटा हुआ है। उसने मोबाइल से तत्काल इसकी सूचना वरूण को दी।

# प्रादेशिक फुटबाल रेफरियों को सेमिनार में दी गई जानकारी

**चरचा कॉलरी।** जिला फुटबाल संघ कोरिया के सौजन्य से दो दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल रेफरी सेमिनार का शुभारंभ स्थानीय पंचवटी विश्राम गृह के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर.डी.साहू विभाग अध्यक्ष रेफरी संगठन छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अशोक विराजी उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन ,सचिव कोरिया फुटबॉल संघ एवं नीरज गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार चर्चा थे सेमिनार में विजय विश्वकर्मा ,प्रदीप डे ,अनिल कचेर, रणधीर सिंह, रेफरी ,सुनील बरला, अब्दुल्ला रोशन ,के साथ ही बलरामपुर जशपुर ,सूरजपुर ,कोरिया ,एमसीबी सहित कई जिलों के रेफरी उपस्थित थे।




कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया विदित हो कि मुख्य अतिथि आर. डी साहू विगत 36 वर्षों से रेफरी का कार्य कर रहे हैं व 8 साल तक फीफा पैनल में रहे हैं इसके अतिरिक्त ऑल इंडिया रेफरी संगठन के एग्जीक्यूटिव मेंबर ,ऑल इंडिया प्लेयर अकादमी के एक्जीक्यूटिव मेंबर रह चुके हैं छत्तीसगढ़ स्थापना के साथ ही वर्ष 2000 से अभी तक एच.ओ. डी रेफरी छत्तीसगढ़ के पद पर हैं देश की मशहूर फुटबॉल टीम ईस्ट बंगाल व मोहन बागान के बीच 6 मैच में महत्वपूर्ण रेफरी का कार्य किए हैं। मुख्य अतिथि आर .डी. साहू ने फुटबॉल के खेल मैं रेफरी की भूमिका, त्वरित निर्णय सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी उन्होंने उपस्थित रेफरी जनों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल के खेल में बहुत सारे नियमों में बदलाव हुआ है नियम कानून बहुत है खेल के दौरान रेफरी को मैंन मैनेजमेंट और मैच मैनेजमेंट दोनों को ही देखना है मैंन मैनेजमेंट के तहत व्यक्ति विशेष के लिए होता है जबकि मैच मैनेजमेंट के तहत सभी को साथ लेते हुए कानून को कंट्रोल में रखते हुए कंप्लीट करना पड़ता है खेल के दौरान हमारे पास हथियार के रूप में सिटी लाल कार्ड और पीला कार्ड रहता है हमें तत्काल सटीक निर्णय भी लेना रहता है खेल के दौरान कोई खिलाड़ी बदमाशी करता है तो हमें उसे खेल से बाहर नहीं करना है उसे ग्राउंड में रखना है उसका खेल देखने के लिए दर्शक उपस्थित हैं उसे खिलाड़ी को कैसे खिलाना है यह हमें देखना है हमें टूर्नामेंट के बारे में भी सोचना है टूर्नामेंट में कोई बड़ा अथवा अप्रिय स्थिति ना हो जाए ऐसे में टूर्नामेंट बदनाम हो गया जाएगा ऐसी स्थिति में हमें सोचना है कि कैसे कंट्रोल करें और कैसे न्याय करें विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ अशोक विराजी ने कहा कि यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है कि फुटबॉल खेल के प्रति पूरी तरह समर्पित वरिष्ठ व अनुभवी प्रशिक्षक साहू जी का मार्गदर्शन आप सभी को प्राप्त हो रहा है वह अपना अनुभव आपके साथ साझा कर रहे हैं आप सभी इस प्रशिक्षण शिविर का लाभ लें। सेमिनार में कई महिला रेफरी ने भी प्रशिक्षण लिया बलरामपुर जिले से लगभग 5 लड़कियां रेफरी प्रशिक्षण के लिए पहुंची थी वही एमसीबी जिले से भी तीन लड़कियों ने रेफरी सेमिनार में भाग लिया राज्य स्तरीय फुटबॉल रेफरी सेमिनार के आयोजन हेतु विजय विश्वकर्मा एवं प्रदीप डे का विशेष योगदान रहा।

# एक दिया कौशल्या के राम के नाम छत्तीसगढ़ के भांचा प्रभुश्री राम के नाम: रेणुका

**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से प्रदेशवासियों से राम मंदिर उद्घाटन के दिन एक दिया कौशल्या के राम के नाम छत्तीसगढ़ के भांचा प्रभु श्रीराम के नाम जलाने की अपील की है। रेणुका सिंह ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में यह लिखा है कि, प्रभुश्री राम ने छत्तीसगढ़ में जहां से अपने पाँव पखारे, वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम और माता सीता के छत्तीसगढ़ में पहले कदम भरतपुर सोनहत विधानसभा में पड़े। और यह भूमि पुण्य भूमि हो गई। मेरा सौभाग्य है कि, वहां की जनता ने मुझे आर्शीवाद दिया। रेणुका सिंह ने लिखा है कि, जिस मवई नदी को पार कर श्रीराम भगवान ने छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया। उस नदी में खेलकर मेरा भी बचपन बीता। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है वनवास के दौरान श्रीराम भगवान ने छत्तीसगढ़ में 12 वर्ष बिताए। रेणुका सिंह ने आगे लिखा है कि, 500 वर्षों के अन्तराल के बाद अयोध्या में राम जन्मभूमि पर रामलला 22 जनवरी को विराजने जा रहे है। इन 500 वर्ष के दौरान भारत की करीब 25 पीढ़ियों ने राम मंदिर के मुद्दे पर देश के संघर्ष को देखा। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि हमारे सामने राम मंदिर निर्माण का सपना साकार होने जा रहा है। विधायक रेणुका सिंह ने प्रदेशवासियों व अपने विधानसभा क्षेत्र के परिजनों से यह आग्रह किया है कि, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है, अपितु राष्ट्रीय स्वाभिमान के जागरण का उद्घोष भी है।

# गेवरा में 95 दुकानें निरस्त की, मनमानी शर्तों पर नियमितिकरण और नवीनीकरण कराने का दबाव

**कोरबा।** साउथ कोलफील्डस लिमिटेड ने अधिकारियों और कर्मचारियों सहित जन सामान्य की सुविधा के लिए गेवरा क्षेत्र के ऊर्जा नगर में जो दुकानें आबंटित की थी, उन्हें अब खुद ही निरस्त कर दिया है। ऐसी दुकानों की संख्या 95 बतायी गई है। प्रबंधन कह रहा है कि नए सिरे से दुकानों का नियमितिकरण कराएं और सीएसईबी के घोषित व्यवसायिक टैरिफ 8 रूपए के बजाए 11 रूपए प्रति युनिट की दर से बिजली बिल भी अदा करें। प्रबंधन के इस रवैय्ये से नाराज व्यवसायी इस मामले को लेकर कोर्ट जाने की तैयारी में है।



एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के द्वारा यहां ऊर्जा नगर शॉपिंग काम्प्लेक्स विकसित करने के साथ पिछले वर्षों में कारोबारियों को दुकानें न्यूनतम किराये पर उपलब्ध करायी गई। इसके साथ अनुबंध संपादित कराया गया। इसमें प्रबंधन ने खुद कहा था कि वह समय पर अपने स्तर पर दुकानों पर सुधार और रख रखाव करायेगा। संबंधित शिकायतें भी हल की जाएंगी। कारोबारियों ने बताया कि दुकान शुरू करने से लेकर अब तक प्रबंधन ने ऐसा कोई काम नहीं किया। कारोबारियों को खुद छोटे-मोटे काम कराने पड़े। वर्तमान में दुकानों में कई प्रकार की समस्याएं है, जिस पर प्रबंधन उदासीन है। इन सबके उल्टे प्रबंधन ने एक आदेश जारी कर बता दिया है कि इन दुकानों का आबंटन निरस्त किया जाता है। पत्र में कहा गया कि सभी हितग्राही 21 रूपए प्रति वर्ग फीट के हिसाब से अधिकतम 100 वर्ग फीट क्षमता दुकान का नियमितिकरण करायें। इसके बाद प्रबंधन इसे आगे जारी करेगा। इसके अलावा अब व्यवसायियों को जीएसटी मिलाकर 13.49 रूपए प्रति यूनिट की दर से बिजली बिल का भुगतान करने को भी जा रहा है। जबकि सीएसईबी की व्यवसायिक दर 8 रूपए है। कारोबारियों ने एसईसीएल के इस रवैय्ये का विरोध करते हुए प्रबंधन को आड़े हाथों लिया है और कहा है कि एक तरह से वह तानाशाही पर उतरने के साथ सुविधा देने वालों की जेब काटने पर उतारू है। इसलिए इस मामले को लेकर कारोबारी कोर्ट की शरण लेने की मानसिकता में है।

### आपत्ति की एक वजह यह भी

स्थानीय कारोबारी तर्क देते हैं कि सीएसईबी से मिलने वाली बिजली की दर को लेकर एसईसीएल अपने तरह से सफाई दे रहा है। दरअसल एसईसीएल व्यवसायिक उद्देश्य से बिजली ले रहा है। खदानों में चलने वाले कई उपकरणों के मामले में इसकी कीमत 13 रूपए के आसपास होती है, जो विशुद्ध व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। जबकि आवासीय परिसर में लोगों को सुविधा देने के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली बिजली इससे अलग है। ऐसे में दोतरफा मामलों के लिए एसईसीएल एक जैसी नीति कैसे बना सकता है।

### अवैध निर्माण पर चुप्पी

सबसे हैरानी की बात यह है कि ऊर्जा नगर कालोनी से लेकर शॉपिंग काम्प्लेक्स के आसपास अवैध निर्माण करने के साथ वहां व्यवसायिक गतिविधियां संचालित हो रही है। यह काम लंबे समय से चल रहा है। प्रबंधन को इस बारे में कई स्तर से जानकारी दी गई है। इसके बावजूद उसने अवैध निर्माण हटाने और व्यवसाय बंद कराने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है। इसके कारण किराये पर दुकान चलाने वाले व्यवसायियों को नुकसान हो रहा है।

## दीपका-चैतमा मार्ग में खूनी सड़क हादसा

# ट्रेलर से टकराकर बाइकर्स खदान कर्मी की मौत

**कोरबा।** कुसमुंडा खदान से आज सुबह अपनी ड्यूटी करके बाइक से अपनी गृह निवास गोपालपुर चैतमा लौट रहे खदान कर्मी की दीपका-चैतमा मार्ग में मांगामार के पास ट्रेलर से टकराने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा पश्चात् पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया।



मिली जानकारी के अनुसार पाली थानांतर्गत चैतमा पुलिस चौकी के ग्राम गोपालपुर निवासी सुनील कुमार उर्फ सोनू जैता उम्र 32 पिता उदय जैता कुसमुंडा खदान में कार्यरत था। रोजाना की भांति गत रात्रि अपनी नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पूरी करने के बाद अपनी बाइक क्रमांक सीजी-12एआर-1937 से सुबह 6 बजे के लगभग अपने घर ग्राम गोपालपुर जाने के लिए निकला। इस दौरान वह दीपका थानांतर्गत मांगामार के पास पहुंचा तो एकाएक छपकी आने से बाइक के अनियंत्रित होने के कारण ट्रेलर क्रमांक सीजी-04/जेसी-3349 के चालक द्वारा बेतरतीब ढंग से मध्य सड़क पर खड़ी किये जाने के कारण उसमें जोरदार ढंग से जा टकराया।

बताया जाता है कि बाइक के खड़े ट्रेलर से टकराने के कारण काफी जोरदार आवाज हुई। जिसके कारण आसपास के लोग वहां दौड़े पहुंचे। इस दौरान लोगों ने देखा कि बाइक समेत ट्रेलर से टकराने के कारण लहूलुहान हालत में गंभीर चोट लगने से उपरोक्त युवक औंधे मुंह पड़ा हुआ है। इस घटना की सूचना दीपका थाना पुलिस को उस मार्ग से आने जाने वाले अन्य वाहनों के चालकों ने दी। सूचना मिलने पर दीपका टीआई अश्वनी राठौर ने तत्काल थाने से एएसआई अश्वनी निरंकारी एवं हमराह स्टाफ को दुर्घटना स्थल रवाना किया। वहां पहुंचते ही एएसआई श्री निरंकारी ने मृतक के शव को सीधा कराया। शिनाख्ती के दौरान उसकी पहचान कुसमुंडा खदान में कार्यरत सुनील उर्फ सोनू जैता निवासी गोपालपुर के रूप में अन्य खदान कर्मियों ने की। जिसके बाद एएसआई निरंकारी ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। उसके परिजनों के आने के बाद शव को पंचनामा कार्यवाही की प्रक्रिया पूर्ण कर उसे पीएम के लिए दीपका पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया। वहीं उन्होंने लापरवाहीपूर्वक ढंग से खड़े किये गए ट्रेलर को जब्त कर दीपका थाना परिसर ले जाकर खड़ी करवा दिया। चालक के विरूद्ध धारा 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।

# 22 जनवरी को राजपूत समाज 2100 दीपों को जलाकर मनाएगा राम दिवाली

**कोरबा।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर कोरबा में जिला राजपूत क्षत्रिय समाज पंजीयन क्रमांक 12124 के द्वारा 2100 दीपों को जलाकर राम दिवाली मनाया जाएगा।



इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठा. अवधेश सिंह ने बताया कि 2100 दीपों को उस दिन शाम को बुधवारी रामजानकी मंदिर महाराणा प्रताप प्रांगण में जलाकर देश में दीप दिवाली के बाद दूसरी दिवाली राम दिवाली के रूप में मनायी जाएगी। इस दिन सुबह 11 बजे से 1 बजे तक प्रोजेक्टर के माध्यम से अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण महाराणा प्रताप बुधवारी रामजानकी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। इसके अलावा मंदिर स्थल से लेकर महाराणा प्रताप चौक बुधवारी तक साउंड सर्विस के माध्यम से रामचरित के विभिन्न चौपाइयों एवं गीतों का प्रसारण भी किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि लाइव प्रसारण कार्यक्रम के बाद तुरंत वहां उपस्थित राजपूत समाज के अलावा सर्व समाज के जो लोग प्रसारण देखने आएंगे एवं अन्य जो भी श्रद्धालु वहां पहुंचेंगे उन्हें भोग भंडारा का प्रसाद व भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा। अध्यक्ष श्री सिंह के साथ इस अभियान को मूर्त रूप देने में समाज के उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव मुकेश सिंह, सहसचिव छन्नू सिंह, कोषाध्यक्ष बच्चू सिंह, कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह लाला, संरक्षक द्वय आर.के.सिंह, उमाशंकर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष क्रमशः श्रेष्ठ सिंह ठाकुर, नरेश सिंह, चंद्रहास सिंह, वरिष्ठ सदस्य संजय सिंह, डॉ. संदीप सिंह, मंटू सिंह, स्मिथ सिंह, डॉ. संदीप सिंह, कमलेश सिंह, विजय सिंह, दिनेश सिंह राजपूताना, दिनेश सिंह द्वितीय, अभयराज सिंह, संदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, नागेन्दर सिंह, चंद्रमा सिंह राजपूत आदि पूरी तरह से जुट गए हैं। इस कार्यक्रम में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। वहीं राजपूत महिला मंडल द्वारा भी भजन-कीर्तन व अन्य कार्यक्रमों में हिस्सेदारी निभायी जाएगी।

# नवापारा में ईमारती लकड़ियों की कटाई जोरों पर

**कोरबा।** फारेस्ट डिविजन कटघोरा के नवापारा परला इलाके में ईमारती लकड़ियों की कटाई जोरों पर हो रही है। एक बड़ा हिस्सा संबंधित श्रेणी के वृक्षों से साफ हो गया है। मौके पर इसके उदाहरण देखे जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने विभाग के अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया है। सवाल खड़े हो रहे है कि यह सब कैसे हो रहा है। बताया गया कि क्षेत्र रक्षक सहित अन्य कर्मियों को जो जिम्मेदारी दी गई है, संभवतः उसका निर्वहन निष्ठा के साथ नहीं हो रहा है। यही सब कारण है कि जंगलों में तस्करों की चांदी हो गई है और वे अपने स्तर पर सफाई अभियान चला रहे हैं।

***कोरबा।** सांई बाबा सेवा समिति गांधी चौक के स्थापना दिवस के अवसर पर आज भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इसकी सभी तैयारी कर ली गई है।

## 112 को गुमराह किया, जेल दाखिल

**कोरबा।** राकेश ठाकुर नामक युवक को पसान पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लैंगा निवासी युवक ने शराब के नशे में डॉयल 112 पर फोन कर उसे गलत जानकारी दी और परेशान किया। दूसरी सेवाएं इससे बाधित हुई। कंट्रोल यूनिट ने इस पर संज्ञान लिया।

## नीयत पर संदेह जताया दीपेश ने

# पर्याप्त भंडारण उपलब्ध, क्यों हटाए जा रहे कर्मचारी

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत एक परियोजना से काफी संख्या में कर्मचारियों को हटाए जाने की कार्रवाई का विरोध हो रहा है। एटक के राष्ट्रीय सचिव दीपेश मिश्रा ने इस पर चिंता जताने के साथ कहा है कि परियोजना में कोयला का पर्याप्त भंडार मौजूद है ऐसे में कर्मियों को दूसरी जगह शिफ्ट करना नीयत पर सवाल खड़े करता है।



क्षेत्रीय प्रबंधन ने एक तरफा कार्रवाई करते हुए सुराकछार बलगी उप क्षेत्र से 38 मजदूरों का जबरन अस्थाई स्थानांतरण कर दिया है,एटक प्रबंधन के इस कार्यवाही का विरोध किया है। प्रबंधन कोयला उत्पादन नहीं होने का हवाला दे रहा है जबकि वास्तविक स्थिति कुछ और है उन्होंने आगे कहा कि सुराकछार बलगी उपक्षेत्र मे भरपूर कोयला का भंडार है परंतु प्रबंधन के नाकामी के चलते सक्षम विभाग से पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिला जिसके चलते कोयला उत्पादन प्रभावित हो रहा है। पुनः कोयला उत्पादन चालू हो सके उसके लिये एटक प्रबंधन का हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है परंतु किसी भी मजदूर का दूसरे जगह स्थानांतरण एटक को मंजूर नहीं है दीपेश मिश्रा ने अंत मे कहा कि सुराकछार बलगी उपक्षेत्र के 38 कर्मचारियों का अस्थाई ट्रांसफर आदेश पर प्रबंधन पुनर्विचार करे और जो कर्मचारी स्वेच्छा से दीगर खदानों मे जाना चाहते हैं, उसके लिए विकल्प पर काम किया जाए।

# संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल



**कोरबा।** 11 से 12 जनवरी तक कुरुडीह-संवराभांठा में मुख्य अतिथि स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल सोहागपुर के प्राचार्य हेम कुमार कुर्रे एवं ग्राम.पं.मुकुंदपुर के सरपंच श्रीमति करम देवी कंवर के विशिष्ट आतिथ्य एवं सी.ए.सी. संजय कुमार चौहान एवं वाल्मीकि प्रसाद देवांगन (प्र.पा.मा. शा.मुकुंदपुर)एवं भगत राम दिनकर (प्र. पा. मा. शा. सोहागपुर) के कुशल मार्गदर्शन में दो दिवसीय सोहागपुर संकुल का संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जमनीपाली विद्यालय के कर्मा झांकी से किया गया। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया जिसके प्राथमिक स्तर पर दौंड़ में विकास, दिव्यांश,अनिरुद्ध। कबड्डी, खो-खो में पचपेड़ी ने और माध्यमिक स्तर के दौंड़ में दीपक, नितेश संजीत। कब्बड्डी में मुकुंदपुर, खो-खो में सोहागपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जोनसिंह कंवर, विजय जयसवाल,बुटकू सिदार सहदेवा कंवर, भारत चौहान एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे। द्वितीय दिवस समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्य क्रम एवं पुस्कार वितरण पश्चात् सरपंच ने पूरे विद्यालय परिवार एवं सभी खिलाड़ियों को बधाई संदेश देते हुए मिल जुल कर खेल भावना से खेलने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन क्रमशः देवांगन, मनोज प्रधान और अशोक धैर्य ने किया।उक्त कार्यक्रम में कन्हैया पटेल,जाहिद मेमन विजय बहादुर,उर्मिला कंवर,प्रमिला कंवर,अतिथि शिक्षक अरुण सारथी,बबलू कुर्रे एवं संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और सफाई कर्मचारी ग्रामीणजनों का सराहनीय सहयोग रहा।



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने नव पदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा, जिलाध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, सचिव जय नेताम तथा लक्ष्मी राठौर तपेश्वर राठौर उपस्थित।

# लोनर ने कापा नवापारा में ढहाया मकान



### घरेलू सामानों को भी किया तहस-नहस

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में मौजूद एक लोनर हाथी फिर बेकाबू हो गया है। यहां के कापानवापार में बीती रात जमकर उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के कच्चे मकान को ढहा दिया। इतना ही नहीं वहां रखे घरेलु सामानों को भी तहस-नहस कर डाला, जिससे ग्रामीण को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। लोनर हाथी ने कुछ ग्रामीणों के बाड़ी में भी प्रवेश कर केला व सब्जी के पौधों को नुकसान पहुंचाया है। लोनर के उत्पात से ग्रामीण काफी देर तक सहमे रहे।

मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा वन मंडल के ऐतमा नगर व केंदई रेंज में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं। केंदई रेंज के कापा नवापारा में मौजूद लोनर हाथी बिती रात बेकाबू हो गया और जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान लोनर ने घुरऊ पिता रूप साय नामक ग्रामीण के कच्चे मकान को निशाना बनाते हुए ढहा दिया। इतना ही नहीं वहां रखे घरेलु सामानों को भी तहस नहस कर दिया, जिस समय लोनर ने यहां घर को निशाना बनाया घुरऊराम व उसका परिवार सो रहा था। हाथी की चिंघाड़ सुनकर वह दीवार ढहाने की आहट पाकर जागा और भाग कर दूसरे कमरे में छिपकर जान बचायी। ग्रामीण ने इसकी सूचना तत्काल जिस पर हाथी ड्यूटी में तैनात कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लोनर को खदेड़ा, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# साहू समाज परिचय सम्मेलन कराने की तैयारी में जुटा

**कोरबा।** साहू समाज के जिलाध्यक्ष गिरजा साहू जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों समाज की बैठक हुई थी। जिसमें युवक युवती परिचय सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सभी ईकाईयों में आवेदन बांट दिए गए है। आवेदन आने के बाद ही परिचय सम्मेलन के लिए तारीख तय किया जाएगा। इस बैठक में दिनेश साहू धनश्याम साहू, अन्नू साहू सहित ईकाई के पदधिकारी मौजूद थे।

# रामनामी समाज के लोग किए गए सम्मानित



**कोरबा।** विशिष्ट तरीके से श्रीरामचंद्र की भक्ति करने वाले रामनामी समाज का सम्मान गीतांजलि भवन में किया गया। विद्या भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर इस समारोह में मुख्य वक्ता थे।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में राम नमी समाज की उपस्थिति बनी हुई है जो कोरबा में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम के संयोजक संतोष खरे ने विषय के बारे में जानकारी दी और आज के परिपेक्ष में इसके महत्व को दर्शाया। इस अवसर पर रामनवमी समाज ने अपनी भूमिका की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत कोरबा जिले में सक्रिय विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से रामनमी समाज के आमंत्रित प्रतिनिधियों का विशेष सम्मान किया गया। विभिन्न संगठन और संस्थाओं के लिए कार्य करने वाले विशिष्ट जन्म इस कार्यक्रम में शामिल हुए जिन्होंने रामनवमी समाज को करीब से देखा और उनके बारे में जाना । उल्लेखनीय की रामनवमी समाज प्रभु श्री राम की भक्ति अपने तरीके से करता है। अपने पूरे शरीर पर राम के नाम का गोदना गोड़वाकर भजन कीर्तन करना उनकी जीवन पद्धति का एक प्रमुख हिस्सा है जो इन्हें सबसे अलग पहचान देता है।

## मंडलो में हुई बैठक

**कोरबा।** भाजपा के राष्ट्रीय नेता गिरीराज सिंह के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग मंडलो में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। हरदी बाजार नगर मंडल में हरीश थरवानीय के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई।कटघोरा नगर मंडल में भी धन्नू दूबे व राजेन्द्र टंडन के कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

# कलेक्टर दिखाएंगे बाइक रैली को हरी झंडी

**कोरबा।** सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ 15 जनवरी को शाम 4 बजे गीतांजलि भवन में कलेक्टर अजीत वसंत के मुख्य आतिथ्य एवं एसपी जितेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता, निगम आयुक्त के विशिष्ट आतिथ्य में शुरू होगा। इसमें ऑटो संघ के अध्यक्ष गिरिजेश सिंह, ट्रक एसोसिएशन के सुबोध सिंह, गुड्स ट्रांसपोर्ट के आर.पी.तिवारी, मिनी बस संघ के प्रहलाद सिंह अध्यक्ष शिरकत करेंगे। बाइक रैली को कलेक्टर हरी झंडी दिखाएंगे।

श्रीं
मकान बेचना/खरीदना
शारदा विहार, अमरैयापारा, ट्रांसपोर्ट नगर, निहारिका में HIG, MIG, LIG, EWS मकान बेचना या खरीदना हो तो
संपर्क करें
मो. 6268146606

AXOR | Vega
ISI हेलमेट उपलब्ध



वेगा कंपनी के हेलमेट के विभिन्न वेरायटी उपलब्ध है।
वासु टायर्स
गायत्री मंदिर के पास, टी.पी.नगर, कोरबा (छ.ग.)
7828364476

होटल आकाश
तरुण छत्तीसगढ़ के बगल में, तिलक मार्ग बुधवारी बायपास रोड, कोरबा (छ.ग.)
सर्व सुविधायुक्त रूम एवं हॉल उपलब्ध
हॉल -
400Sq.ft. से लेकर 2500Sq.ft. तक
15 से लेकर 300 व्यक्तियों की व्यवस्था
बर्थडे पार्टी, तिलक समारोह, कीटी पार्टी एवं हर प्रकार के सामाजिक समारोह के लिए आपके बजट पर हमेशा तैयार मिलेगा ।
संपर्क करें 9425223290, 8908530000, 8103865081



स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com